रांची, गुरुवार, 12 दिसंबर 2024

संवत 2081, मार्गशीर्ष शुक्ल 11- मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 96 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▶▶ भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता

करीना ने सोशल मीडिया पर शेयर की पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीरें ◀◀ 6







## काबुल में बड़ा धमाका, तालिबान सरकार के मंत्री हक्कानी सहित 12 की मौत



**काबुल:** अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में बम धमाका होने की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार, बुधवार को काबुल में शरणार्थी मंत्रालय के परिसर में हुए विस्फोट में तालिबान के शरणार्थी मंत्री खलील रहमान हक्कानी और उनके 3 बॉडीगार्ड्स समेत 12 लोगों की मौत हो गई है।

राजधानी काबुल में मंत्रालय के परिसर में यह विस्फोट कैसे हुआ और किन लोगों ने अंजाम दिया इसे लेकर फिलहाल ज्यादा जानकारी सामने नहीं आई है। अब तक मिले इनपुट्स के आधार पर इसे एक आत्मघाती हमला माना जा रहा है, मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक धमाके में आत्मघाती हमलावर की भी मौत हो गई और कई लोग घायल हो गए। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह हमला उस समय हुआ जब हक्कानी खोस्त से आए लोगों के एक समूह की मेजबानी कर रहे थे। खलील रहमान हक्कानी, तालिबान के आंतरिक मंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी के चाचा और हक्कानी नेटवर्क के प्रमुख व्यक्तियों में से थे, उन्हें अगस्त 2021 में अफगानिस्तान की सत्ता में तालिबान की वापसी के बाद 7 सितंबर 2021 को शरणार्थियों के कार्यवाहक मंत्री के तौर पर नियुक्त किया गया था।

रिपोर्टों से दावा किया जा रहा है कि यह हमला इस्लामिक स्टेट और तालिबान के बीच चल रहे संघर्ष के बीच एक टारगेटेड अटैक हो सकता है, हालांकि इस मामले में अभी तक किसी संगठन का हाथ सामने नहीं आया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस्लामिक स्टेट के खुरासान प्रांत ने अक्सर ऐसे हमले किए हैं, जिसका हाल के महीनों में तालिबान सरकार के साथ तनाव बढ़ गया है।

झारखंड विधानसभा विशेष सत्र का आखिरी दिन, बोले मुख्यमंत्री

# यह राज्यपाल का अभिभाषण नहीं बल्कि सरकार का श्वेत पत्र है

## मुख्यमंत्री ने भाजपा नेताओं पर जमकर किया हमला

मेट्रो रेज

**रांची:** सदन की कार्यवाही के अंतिम दिन के पहले हाफ में राज्यपाल के अभिभाषण पर सरकार की ओर से जवाब देते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि यह अभिभाषण सदन में अब तक पढ़े गए सभी अभिभाषण में सबसे छोटा और सबसे स्पष्ट एवं प्रभावशाली है। यह अभिभाषण नहीं बल्कि सरकार का श्वेत पत्र है।

भाषण के दौरान हेमंत सोरेन ने भाजपा पर डायरेक्ट अटैक किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसी स्थिति पैदा कर दी कि किसान आत्महत्या करने को मजबूर हो गए। लोग भूखे मर रहे थे।

हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा सरकार के दौरान राज्य के अलग होने के बाद सभी डरे सहमे थे, जिंदगी के लिए संघर्ष कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने झारखंड को दलदल में धकेलने का प्रयास किया। हमें सत्ता से हटाने को हथकंडे अपनाए गए।



**राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्णः स्टीफन मरांडी : रांचीः** झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के समर्थन पर बोलते हुए झामुमो विधायक स्टीफन मरांडी ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण कई मायनों में महत्वपूर्ण है, जो यहां की योजनाओं को प्रतिबिंबित करता है। हेमंत सरकार को प्रचंड बहुमत मिला है। जिम्मेवारी बढ़ी है। झारखंड की अस्मिता की रक्षा का दायित्व भी है। राज्य के सर्वांगिण विकास की बात अभिभाषण में है। स्थानीय भाषा को स्वीकृत और शिक्षकों की नियुक्ति की बात कही गई है। महिला सशक्तिकरण पर फोकस किया गया है। मंईयां सम्मान योजना से आर्थिक मदद मिल रही है। अंबेडकर लाइब्रेरी की बात कही गई है। स्थानीय नीति बनाकर रोजगार देने की बात कही गई है। झारखंड ने खेल में पहचान बनाई है। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की स्थापना की बात कही गई है। क्षेत्रीय भाषा को सुदृढ़ करने के साथ मदरसा बोर्ड बनाने की बनाने की बात कही गई है।

**सरकार ने अपनी मजबूत इच्छाशक्ति प्रकट कीः प्रदीप यादव :** कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए कहा कि अभिभाषण में सरकार की सोच और संकल्पों को प्रदर्शित करता है। सरकार के कमिटमेंट को दशार्ता है। सरकार ने यह कहने का प्रयास किया है कि हम गरीबों के लिए हैं। सरकार ने समझा है कि नर की सेवा ही नारायण की सेवा है। सबको साथ लेकर चलने का संकल्प है। सरकार सबका साथ सबका विकास करना चाहती है।

### समाज के सभी वर्गों को अधिकार देने की जरूरतः सोरेन

**रांचीः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि समाज के सभी वर्गों, विशेषकर वंचितों और शोषितों को अधिकार दिए जाने की जरूरत है। सोरेन ने यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक को संबोधित किया।

बाद में एक्स पर एक पोस्ट में सोरेन ने कहा, आज रांची में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति की विस्तारित बैठक में शामिल हुआ। संघर्ष से उपजी पार्टी है झारखण्ड मुक्ति मोर्चा। यही कारण है कि हमने हमेशा हक-अधिकार के लिए लड़ाई लड़ी है। लड़कर जीत हासिल की है, कभी हार नहीं मानी है।

उन्होंने कहा, विगत विधानसभा चुनाव में आप सभी कर्मठ नेताओं और जुझारू कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत तथा करोड़ों राज्यवासियों के आशीर्वाद के फलस्वरूप झारखण्ड में मजबूत अबुआ सरकार का गठन हुआ। आप सभी को इसके लिए हार्दिक बधाई और जोहार।

उन्होंने कहा, आने वाले समय में हमें झामुमो परिवार की जड़ों को राज्य के प्रत्येक कोने में पंहुचा मजबूत करने का काम करना है; वंचित, शोषित समेत समाज के सभी वर्ग को हक-अधिकार देने का काम करना है।

झामुमो नीत गठबंधन 23 नवंबर को झारखंड में लगातार दूसरी बार सत्ता में आया था। उसने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल की थीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को 24 सीट मिली थीं।



## फिलीपींस में फटा कनलाओन ज्वालामुखी, 3 किलोमीटर ऊपर उठी राख,87 हजार लोगों का रेस्क्यू जारी

**मनीला :** फिलीपींस के कनलाओन ज्वालामुखी में भीषण विस्फोट हुआ है। विस्फोट के बाद आसमान में लगभग 3 हजार मीटर तक राख का गुबार फैल गया। प्रशासन ने आसपास के गांवों को खाली कराने का आदेश दिया है और राहत कार्य जारी है। फिलीपींस के नागरिक सुरक्षा कार्यालय ने कहा कि कनलाओन ज्वालामुखी के विस्फोट के कारण लगभग 87,000 लोगों को तत्काल प्रभाव से रेस्क्यू कर सुरक्षित स्थान पर ले जाया जा रहा है।

नेग्रोस द्वीप पर स्थित कनलाओन ज्वालामुखी समुद्र तल से 2,400 मीटर की ऊंचाई पर है। यह फिलीपींस के 24 सक्रिय ज्वालामुखियों में से एक है। इस ज्वालामुखी में पहले भी कई बार विस्फोट कर चुके हैं। फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी ने चेतावनी स्तर को बढ़ा दिया है। संस्थान ने चेतावनी दी है कि विस्फोट शुरू हो गया है जो आगे बड़े विस्फोटों में बदल सकता है। कनलाओन ज्वालामुखी आखिरी बार इसी साल जून में फटा था। गौरतलब है कि, फिलीपींस प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर में स्थित है, जो इसे भूकंप और ज्वालामुखीय गतिविधियों के लिए संवेदनशील बनाता है। देश में 24 सक्रिय ज्वालामुखी हैं, जिनमें से कनलाओन भी एक है। यहां अक्सर ज्वालामुखी विस्फोट और भूकंप गतिविधियां देखने को मिलती हैं जो स्थानीय निवासियों के लिए बड़ा खतरा है।

## महाराष्ट्र के परभणी में संविधान के अपमान के बाद भड़की हिंसा

### प्रदर्शनकारियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, आंसू गैस के गोले भी छोड़े

**परभणी :** महाराष्ट्र के परभणी में कल शाम कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थापित बाबा साहेब अंबेडकर की मूर्ति के समीप रखी संविधान की प्रति को तोड़े जाने की घटना के बाद शहर में तनाव व्याप्त है। इस घटना के विरोध में आज शहर बंद का आह्वान किया गया था, जिसके चलते शहर में हिंसक प्रदर्शन देखने को मिले।

प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर जाम लगाए, पथराव किया और सरकारी संपत्ति को क्षतिग्रस्त किया। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया। इस घटना में कई लोग घायल हुए हैं। जिला प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है। इंटरनेट सेवाएं भी अस्थायी रूप से बंद कर दी गई हैं।

एलन मस्क ने रचा इतिहास

# 400 बिलियन डॉलर की संपत्ति वाले दुनिया के पहले शख्स बने

## 24 घंटे में कमाया 62.8 अरब डॉलर



**नई दिल्ली :** स्पेसएक्स टेस्ला जैसी दिग्गज कंपनियों के बॉस एलन मस्क ने संपत्ति अर्जित करने के मामले में नया इतिहास रच दिया है। एलन मस्क की मौजूदा नेटवर्थ 400 बिलियन डॉलर के पार पहुंच गई है। बता दें कि अभी तक किसी भी व्यक्ति की नेटवर्थ 400 बिलियन डॉलर के पार नहीं पहुंची थी। एलन मस्क की मौजूदा नेटवर्थ 447 बिलियन डॉलर हो गई है। मस्क की संपत्ति में लेटेस्ट बदलाव 62.8 बिलियन डॉलर का हुआ है। इतना ही नहीं, सिर्फ इसी साल मस्क की नेटवर्थ में कुल 218 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है।

### एलन मस्क की नेटवर्थ में आए इस अविश्वसनीय उछाल के पीछे उनकी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में एक महत्वपूर्ण और बड़े इनसाइडर बिक्री के बाद आया है। इस शेयर बिक्री की बदौलत, मस्क की नेटवर्थ में करीब 50 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है।

एलन मस्क की नेटवर्थ में आए इस अविश्वसनीय उछाल के पीछे उनकी एयरोस्पेस कंपनी स्पेसएक्स के शेयरों में एक महत्वपूर्ण और बड़े इनसाइडर बिक्री के बाद आया है। इस शेयर बिक्री की बदौलत, मस्क की नेटवर्थ में करीब 50 बिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, हाल ही में हुई इस इनसाइडर शेयर बिक्री में स्पेसएक्स ने कर्मचारियों और कंपनी के लोगों से 1.25 बिलियन डॉलर तक के शेयर खरीदे हैं। इस ट्रांजैक्शन के बाद स्पेसएक्स की वैल्यूएशन में करीब 350 बिलियन डॉलर तक की बढ़ोतरी हुई है। मस्क को इस मुकाम तक पहुंचाने में डोनाल्ड ट्रंप की जीत का भी अहम योगदान अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत ने भी एलन मस्क की इस माइलस्टोन तक पहुंचने में काफी अहम और बड़ा योगदान रहा है। डोनाल्ड ट्रंप की जीत के बाद से, मस्क की इलेक्ट्रिक कार कंपनी टेस्ला के शेयरों में करीब 65% की बढ़ोतरी हुई है और इसके शेयरों का भाव 415 डॉलर के लाइफटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। बताते चलें कि दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बनने जा रहे डोनाल्ड ट्रंप के साथ एलन मस्क के काफी करीबी संबंध हैं। मस्क की कंपनियों में निवेश करने वाले लोगों को उम्मीद है कि ट्रंप के शासनकाल में उनकी कंपनियां नई ऊंचाई पर पहुंचेंगी।

## संत सियाराम बाबा का 110 वर्ष की उम्र में निधन, अनुयायियों में शोक की लहर

### बाबा ने दस साल तक खड़े होकर की थी तपस्या



**खरगोन :** मध्य प्रदेश के निमाड़ क्षेत्र के प्रसिद्ध संत सियाराम बाबा का बुधवार को निधन हो गया। वे 110 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से प्रदेश में शोक की लहर दौड़ गई है। बाबा का आश्रम खरगोन जिले में नर्मदा नदी के तट पर स्थित था। वे पिछले 70 वर्षों से इसी आश्रम में रह रहे थे और हजारों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत थे। बाबा एक साधारण जीवन जीते थे और हमेशा लंगोट पहने रहते थे। बाबा के बीमार होने की खबर मिलने पर बड़ी संख्या में उनके अनुयायी आश्रम पहुंच रहे थे। राज्य सरकार ने उनके इलाज के लिए विशेष प्रबंध किए थे। लेकिन बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली।

मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सियाराम बाबा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा का निधन मध्य प्रदेश के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा कि बाबा ने धर्म साधना और मां नर्मदा की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया था। उन्होंने बाबा के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने भी सियाराम बाबा के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाबा का जीवन भक्ति के लिए समर्पित रहा और वे हमेशा निमाड़ वासियों के दिलों में रहेंगे।

बाबा के निधन की खबर मिलते ही हजारों की संख्या में उनके अनुयायी आश्रम पहुंच रहे हैं। वे सभी बाबा को अंतिम विदाई देने के लिए पहुंचे हैं। सियाराम बाबा के निधन से निमाड़ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। लोग उन्हें याद करते हुए भावुक हो रहे हैं। बाबा के अनुयायियों का मानना है कि बाबा हमेशा उनके दिलों में जिंदा रहेंगे।

# छात्रों पर लाठी चार्ज करके सरकार ने स्पष्ट कर दी अपनी मंशाः चंपाई



मेट्रो रेज

**रांची :** पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने हेमंत सरकार को निशाने पर लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट पर राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि एक कहावत है कि झ पूत के पांव पालने में ही दिख जाते हैं। इसी तर्ज पर अपने कार्यकाल की शुरूआत में ही न्याय की मांग कर रहे छात्रों पर लाठी चार्ज करके सरकार ने अपनी मंशा स्पष्ट कर दी है। सीबीआई जांच की मांग की चंपाई सोरेन ने आगे लिखा है कि हमारा स्पष्ट तौर पर मानना है कि अगर नियुक्ति समेत किसी भी सरकारी प्रक्रिया पर सवाल उठ रहे हों, तो सीबीआई जांच द्वारा सरकार इस विवाद का सर्वमान्य हल निकाल सकती है। लेकिन जिस प्रकार लाठी के दम पर युवाओं के आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया जा रहा है, वह दुर्भाग्यपूर्ण है। भाजपा छात्रों के साथ है खड़ी भाजपा जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में हुई गड़बड़ी के विरोध में आंदोलन कर रहे छात्रों के साथ खड़ी है। झारखंड की अगली पीढ़ी के भविष्य के साथ हो रहे इस खिलवाड़ को बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

## सीजीएल परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे छात्रों पर लाठीचार्ज



**हजारीबागः** जेएसएससी सीजीएल परीक्षा रिजल्ट को रद्द करने के लिए आंदोलन कर रहे छात्रों पर मंगलवार को हजारीबाग पुलिस ने लाठीचार्ज किया। वहीं उग्र छात्रों ने पुलिस पर जमकर पथराव किया। जिसमें एक दर्जन से अधिक वाहन क्षतिग्रस्त हुए। जो वाहन क्षतिग्रस्त हुए है उसमें पुलिस और आम लोगों के वाहन शामिल हैं। छात्रों ने हजारीबाग बंद का किया था ऐलानः जानकारी के मुताबिक अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत छात्रों ने हजारीबाग बंद का ऐलान किया था। इसकी छात्रों ने एसडीओ ऑफिस को सूचना भी दी थी। छात्रों ने शहर में जहां विभिन्न दुकानों को निशाना बनाया और लगभग चार घंटे तक छात्रों ने नेशनल हाइवे को जाम रखा। इस दौरान पुलिस प्रशासन के समझने के बावजूद छात्र इस बात को लेकर अड़े रहे कि परीक्षा का रिजल्ट रद्द किया जाए। जब स्थिति बिगड़ी देखी तो प्रशासन ने लाठीचार्ज करते हुए भीड़ को तितर-बितर किया। लगभग आधे घंटे तक पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए भीड़ को तितर-बितर किया। वहीं उग्र छात्रों ने इस दौरान जमकर पथराव किया। इस दौरान पुलिस ने आंसू गैस का भी इस्तेमाल किया। इस हंगामे को देखते हुए मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं किसानः बाबूलाल मरांडी



**रांचीः** प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झामुमो-कांग्रेस गठबंधन ने किसानों से वादा किया था कि धान की खरीदी 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर की जाएगी। लेकिन चुनावी वादों पर अमल न होने से किसान खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। बाबूलाल ने सोशल मीडिया पोस्ट पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से आग्रह किया है कि चुनावी वादों के अनुरूप किसानों से 3200 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान की खरीदी करें। साथ ही किसानों के लिए पारदर्शी व्यवस्था और समय पर भुगतान सुनिश्चित करें। सरकार को यह नहीं भूलना चाहिए कि किसान हमारे देश की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं को नजरअंदाज करना सभी के भविष्य के साथ अन्याय है।

### डीएवी आनंद स्वामी के विजयी प्रतिभागियों का सम्मान समारोह



**रांचीः** स्कूल एरा एजुकेशनल मैगजीन की ओर से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में जीतने वाले बच्चों को आज विशेष प्रार्थना सभा के दौरान सम्मानित किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में कक्षा पाँचवी से सातवीं वर्ग तक के विद्यार्थी शामिल थे। कक्षा पाँचवी के विजयी प्रतिभागी रहे अनुष्का राज, परिधि कुमारी अनीश कुमार और अनुकृति प्रिया कक्षा छठी से आरव सिंह आशी कुमारी और सोनाक्षी पुरस्कृत हुए जबकि सातवीं कक्षा के मानस, सिद्धि कृष्णा और छाया कुमारी को प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त हुआ सभी बच्चों को मुख्य अतिथि स्कूल की प्राचार्य एवं स्कूल एरा के प्रधान संपादक एन के मुरलीधर संपादक सुनील कुमार श्रीवास्तव द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की मुख्य अध्यापिका रोशी वाधवानी ने अपनी प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि बच्चे प्रतिभा के धनी होते हैं, विद्यालय का परिवेश उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने तथा सम्मानित करने का काम करता है, ये विजयी प्रतिभागी अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा प्रदान करने वाले बनेंगे, उन्होंने अन्य बच्चों को भी आगे आकर अपनी प्रतिभा दिखाने की बात कही। सम्मान समारोह में शिक्षक पी के मोहंती, वाई के दुबे, सुषमा ठाकुर, सुष्मिता मुखर्जी, श्रावणी तिवारी, अर्चना बरनवाल व अन्य उपस्थित थे।

### हाईटेंशन लाइन टावर काटने वाले पांच गिरफ्तार



**लातेहारः** हाईटेंशन लाइन टावर काटने वाले पांच अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस निरीक्षक रणधीर कुमार ने एक प्रेस बयान जारी कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक लातेहार को गुप्त सूचना मिली कि मंगलवार की देर रात थाना क्षेत्र के एकमहुआ गांव के पास संगठित अपराधिक गिरोह द्वारा टावर की कटिंग कर टावर एंगल पीकअप वाहनों पर लोडकर को बेचने के लिए ले जाने वाले हैं।

सूचना पर छापामारी दल का गठन कर छापामारी किया गया। इस छापामारी में टीम ने टावर का एंगल चोरी करने के उपयोग में लगे सामान एवं अपराधियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों पर केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों के नाम राहुल ठाकुर, समीर खान, मंगलदेव उरांव, फुलदेव उरांव व संगु भुईयां है। छापामारी दल में पुअनि श्रवण कुमार, सअनि अरविन्द कुमार सिंह, सअनि अंजन कुमार राय और सशस्त्र बल के जवान थे।

### ग्रामीणों को अफीम की खेती के दुष्प्रभाव की दी गयी जानकारी



**सरायकेला/खरसांवा :** सरायकेला-खरसावां जिला के पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुणायत के निदेर्शानुसार बुधवार को चौका थानांतर्गत रेयाडदा और बारसिडा में अफीम की अवैध खेती एवं विक्रय निषेध संबंधित विषय पर जागरूकता अभियान चलाया गया। अफीम संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दीः चौका थाना की पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान थाना प्रभारी बजरंग महतो ने स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के दुष्प्रभाव एवं संबंधित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। इसके साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को अफीम के स्थान पर वैकल्पिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### पलामू इनक डरियल नेशनल स्कूल में मना वार्षिक उत्सव



**पलामूः** पाटन प्रखंड के सीरमा स्थित इनक डरियल नेशनल स्कूल में वार्षिक उत्सव मनाया गया। जहां पर एक से एक बढ़कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जबकि विद्यालय का स्थापना दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर अनिल मिश्रा डायरेक्टर व प्रतिमा दुबे डिप्टी डायरेक्टर मौजूद थे। बताया गया कि यहां नर्सरी से 7 क्लास तक की पढ़ाई की जाती है। वहीं एनुअल फंक्शन में अभिभावक, छात्र व विद्यालय परिवार के लोग मौजूद थे। मौके पर शिक्षक अंकित दुबे, निकिता दुबे, आयुषी कुमारी, शालिनी कुमारी, सुरभि द्विवेदी व उज्जवल पाठक समेत कई लोग मौजूद थे। डायरेक्टर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के माहौल को मजबूती मिले इसी के उद्देश्य से विद्यालय खोला गया है। जहां पर शहर वाली सुविधा ग्रामीण सुदूरवर्ती क्षेत्र के विद्यार्थियों को मिल सके और बच्चे का भविष्य उज्जवल हो सके। बच्चे पढ़ लिख कर अपने सपना को पूरा कर सकें।

# पाइप लाइन की मरम्मत को लेकर आज भी कई इलाकों में बंद रहेगी जलापूर्ति

■ पाइप लाइन की मरम्मत का काम आज हो जायेगा पूरा ■ पाइप मरम्मत का कार्य आज हो जायेगा पूरा

**रांचीः** हजारीबाग रोड में योगदा सत्संग आश्रम के समीप पिछले डेढ़ साल से अधिक समय से क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य बुधवार से शुरू किया गया है। इस कारण कांटाटोली, चर्च रोड़, सिरमटोली, कडरू, अशोक नगर के कुछ इलाके, डोरंडा सहित अन्य संबंधित इलाके में पेयजलापूर्ति बंद रही। इन इलाकों में गुरुवार को भी पानी की आपूर्ति बंद रहेगी।

आज मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जायेगा। विभाग के अधिकारी ने कहा कि गुरुवार को मरम्मत कार्य पूरा कर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि यहां 33 केवी बिजली लाइन का भी केबल होने के कारण सावधानीपूर्वक काम किये जाने के कारण थोड़ा समय लग रहा है। उधर, रेलवे स्टेशन के पास भी क्षतिग्रस्त पाइप लाइन की मरम्मत का कार्य शुरू किया गया। यह कार्य भी गुरुवार को पूरा कर लिया जायेगा।



सहायक कार्यपालक अभियंता रामेश्वर सिंह, कनीय अभियंता ए मानिकी स प्रकाश बड़ाईक मरम्मत कार्य की देखरेख कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जितनी जल्दी होगी, मरम्मत कार्य को पूरा करा लिया जायेगा।

**मरम्मत दल समय पर नहीं पहुंचा :** विभागीय अधिकारी ने कहा कि दोपहर में ही सिरोमटोली के पास गड्ढा खोदवा कर तैयार कर लिया गया था। दोपहर से यदि मरम्मत का काम शुरू हो जाता, तो देर शाम तक यह पूरा हो गया रहता। ऐसे में बड़े इलाके में गुरुवार से आपूर्ति शुरू हो सकती थी। लेकिन, मरम्मत दल समय पर नहीं पहुंचा। हुटूप के पास क्षतिग्रस्त पाइप की मरम्मत शुरूहुटूप के पास क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। विभाग के अधिकारी ने कहा कि 30 इंच का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया था। देर रात तक मरम्मत कार्य पूरा होने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि यहां से निकलनेवाले तीन पाइप में से दो पाइप से पानी की आपूर्ति हो रही थी। इस कारण से इससे पेयजलापूर्ति ज्यादा बाधित नहीं हुई।

## हटिया जीआरपी ने ठगी के आरोप में दर्ज कराया मामला

स्टेशन पर यात्रियों से टिकट की अदला-बदली का मामला





**रांचीः** हटिया जीआरपी ने मामला दर्ज कर वीर बहादुर नामक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है, जिस पर हटिया स्टेशन पर टिकट बदल कर यात्रियों से ठगी करने का आरोप है। वह बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के अजीजपुर गांव के रहने वाले हैं। वह बिरसा चौक के पास सवेरा लॉज में रुके थे। यहां कमरे की तलाशी के दौरान जीआरपीएफ को फर्जी टिकट तैयार करने में प्रयुक्त विभिन्न स्टेशनों की मुहरें, तैयार किए गए नौ फर्जी टिकट और टिकट तैयार करने में उपयोग किए जाने वाले अन्य सामान मिले। आरोपी ने पूछताछ के दौरान जीआरपी को बताया कि वह हटिया और रांची स्टेशनों से कम दूरी के स्टेशनों के लिए यूटीएस काउंटर से सामान्य श्रेणी के ट्रेन टिकट खरीदने के बाद फर्जी टिकट बनाता था और उन्हें भोले-भाले यात्रियों से बदल देता था। इसके बाद काउंटर पर यात्रियों से मिले टिकट को कैंसिल कर पैसे ले लेता था। आरोपी ने पूछताछ में यह भी स्वीकार किया है कि वह पिछले कुछ महीनों से हटिया स्टेशन के अलावा देश के अन्य प्रमुख स्टेशनों पर जनरल टिकटों में हेराफेरी कर पैसा कमा रहा है।



## राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों की वरीयता सूची जारी

**रांचीः** राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के 332 जवानों की वरीयता सूची जारी की गयी है। जैप डीआईजी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के एसपीसी उत्तीर्ण आरक्षियों का औपबंधिक राज्य वरीयता सूची प्रकाशित करते हुए आपत्ति की मांग की गयी थी। इसी के आधार पर राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल के एसपीसी उत्तीर्ण आरक्षियों का राज्य वरीयता सूची मूल कोटि के आधार पर तैयार किया गया है।

# आदिवासी महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

आदिवासी महिलाओं को महुआ के लडडू, मडुवा की निमकी, बालुशाही बनाने का प्रशिक्षण दिया गया

**रांची :** सरना समिति झारखंड की इकाई महिला मंडल झारखंड की ओर से नगड़ी सपारोम स्थित धुमकुड़िया (बहुदेशीय)भवन रोहतास नगर में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय पारम्परिक आदिवासी वनोपज से निर्मित व्यंजन था। कार्यशाला में गुमला की पांच आदिवासी महिला गीता उरांव, सीता उरांव, रीता उरांव, सरस्वती उरांव, और जितेश मिंज ने प्रशिक्षण दिया।



आदिवासी महिलाओं को स्वावलंबी बनाना समिति का मुख्य उदेश्य : उन्होंने कहा कि आदिवासी महिलाओं को स्वावलंबी बनाना समिति का मुख्य उदेश्य है, बताया कि झारखंड में अधिक मात्रा में मड़ुवा, मक्का, और महुआ फूल होते हैं। आदिवासी महिलाओं को महुआ के लडडू, मडुवा की निमकी, बालुशाही बनाना सिखाया गया। उन्होंने कही कि आदिवासी महिलाएं इस अनाज का सही उपयोग करना नहीं जानती। इस वजह से किसान ये अनाज व्यापारियों को सस्ती दर बेच दे रहे है। कार्यशाला में सुषमा मिंज, रंजीता कुमारी, जितेश मिंज, सरिता उरांव, आशियान कुजूर, सुदर्शन लकड़ा, डॉ विनीत कुमार भगत ,सरिता उरांव समेत अन्य शामिल थे।

# जिला प्रशासन ने पांच थाना क्षेत्रों से अवैध बालू लदे 15 वाहन किया जब्त

मेट्रो रेज

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक दिसंबर को सभी जिलों के डीसी को अवैध बालू उठाव पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया था। सीएम के आदेश के बाद रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री एक्शन मोड में है। अवैध बालू उठाव पर रोक लगाने के लिए उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिये हैं। डीसी के दिशा-निर्देश पर अवैध बालू उठाव रोकने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार की रात रांची जिला खनन पदाधिकारी और माइनिंग इंस्पेक्टर ने कई थाना क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान



मेसरा थाना, दलादली टीओपी, तुपुदाना, बेड़ो और लापुंग थाना क्षेत्रों से कुल 15 गाड़ियां पकड़ी गयी। इसमें 12 गाड़ियों में अवैध बालू और तीन गाड़ियों में स्टोन चिप्स लोड था। वहीं 45 अभियुक्तों पर एफआईआर की कार्रवाई की जा रही है। वाहन मालिकों, ड्राइवरों और इसमें संलिप्त अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध विधि सम्मत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कानूनी की जायेगी। 15 अवैध बालू व स्टोन चिप्स लदे हाइवा और ट्र्बो मेसरा थाना क्षेत्र से तीन स्टोन चिप्स लदे हाईवा पकड़े गये हैं। वाहन संख्या जेएच-01-एफक्यू-7387, जेएच -01-एफक्यू- 2185 और जेएच -01-जेएच- 1793 है। वहीं दलादली टीओपी क्षेत्र से अवैध बालू लदे तीन हाईवा और एक टर्बो पकड़े गये हैं। इनमें से एक हाईवा और एक टर्बो में नंबर प्लेट नहीं लगा था। वाहन संख्या जेएच -01-एन- 9988 और जेएच -01-एफएन-2526 है। तुपुदाना थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदा एक टर्बो (वाहन संख्या जेएच -01-एएन-6799) पकड़ा गया है। बेड़ो थाना क्षेत्र से अवैध बालू लदे दो हाईवा जब्त की गयी है। वाहन संख्या जेएच -01-एफएन-3469 और जेएच -07-जे-6346 है। लापुंग थाना क्षेत्र से पांच अवैध बालू लदे टर्बो वाहन पकड़े गये हैं। इनमें से चार वाहनों की संख्या जेएच -01-एफवी- 6923, जेएच -01-एफआर 9296, जेएच -01-सीवी- 5727 और जेएच -01-एएक्स -8026 है। वहीं एक वाहन पर नंबर प्लेट अस्पष्ट है।

झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र : राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए हेमलाल मुर्मू ने कहा-

# राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेगी सरकार



मेट्रो रेज

**रांची:** विधानसभा के विशेष सत्र के अंतिम दिन राज्यपाल के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव के पक्ष में बोलते हुए झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि राज्यपाल का अभिभाषण सभी विभागों के सर्वांगीण विकास का दर्पण है। शिक्षक नियुक्ति के साथ स्थानीय भाषा को बढ़ावा देने की बात कही गई है। विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि जिनको नजर नहीं वे नजरों की बात करते हैं। ये लोग अभिनय में भी कम नहीं है। इन लोगों ने गायब स्थान को रणक्षेत्र बनाया। वहां बड़े-बड़े नेता आए। आदिवासी और अल्पसंख्यक के बीच लड़ाई कराने गए। दावा ठोंका 65 पार, पर यहां की जनता को समझ नहीं पाए। खजूर में भी नहीं बबूल पर लटक गए और 21 पर आ गए। अब जनता इनको सत्ता पक्ष की ओर बैठने का मौका नहीं देगी। चुनाव के बीच गोगो दीदी योजना लेकर आए। ठगने के लिए फॉर्म भी भरवाया। पूरी पोटली बांधकर गुवाहाटी चला गया।

**जनता की नजर में रिडेक्शन माल हो गया:** हेमलाल मुर्मू ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कि ये लोग जनता की नजर में रिडेक्शन माल हो गये। कमल फूल मुरझा गया और पंखुड़ी उड़ गई। चंपाई सोरेन को कौन सा भूत लगा, जो उधर भाग गए। हमको अनुभव है कि उधर क्या है। भाजपा आदिवासियों को समझ नहीं पाती है। आदिवासियों ने इन्हें नकार दिया है। यही गठबंधन की सरकार राज्य को आगे बढ़ा सकती है। आने वाले चुनाव में इन लोगों का नामोनिशान मिट जाएगा। बाबूलाल और चंपाई सोरेन को कहा कि आप अपने गाल बजाना बंद कीजिए। ये सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेगी।

### बालू का मुद्दा सदन में उठायेगा विपक्ष

## विधायक शशि भूषण मेहता सदन के बाहर धरने पर बैठे



**रांची :** पांकी विधायक शशि भूषण मेहता बालू की कमी के कारण पीएम आवास और अबुआ आवास का निर्माण कार्य ठप होने के मुद्दे को लेकर आज गुरुवार को सदन के बाहर धरने पर बैठ गये। विधायक का कहना है कि सरकार इसे गंभीरता से लेते हुए बालू मुफ्त उपलब्ध कराये, जिससे कि पीएम आवास अबुआ आवास का निर्माण हो सके। बता दें कि सदन शुरू होने से पहले बाहर में विपक्षी विधायकों ने कहा कि वे बालू का मुद्दा सदन के अंदर उठायेंगे।

## किए गए वादों को धरातल पर रखें सरकार : विधायक पूर्णिमा दास



**रांची :** भाजपा विधायक पूर्णिमा दास साहू ने सदन के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि कहा कि सरकार ने जो लोगों से वादे किए इसका अनुपूरक बजट में जिक्र नहीं दिखा। 450 रूपए में गैस सिलेंडर देने का जिक्र बजट में नहीं दिखा। विधायक पूर्णिमा दास ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि जल्द सभी योजनाओं को धरातल पर रखें। उन्होंने कहा कि चुनावी दौरे ने सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना देने की बात कही गई थी। लेकिन सरकार बनते ही चुनावी वादों से मुकर जाते हैं।

# अभी और गिरेगा पारा, बढ़ेगी ठिठुरन, आज तापमान में 2-3 डिग्री की आयेगी कमी



**रांची :** झारखंड का पारा दिन-प्रतिदिन गिरता ही जा रहा है। ठंड काफी बढ़ गयी है। ऊपर से ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी है। राज्य का न्यूनतम तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग की मानें तो 12 दिसंबर को 2 से 3 डिग्री की गिरावट आएगी।

**मौसम में बड़े बदलाव की संभावना नहीं:** रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र ने जो जानकारी साझा की है उसके मुताबिक कल के बाद अगले 4 दिन तक मौसम में कोई बड़ा बदलाव की संभावना नहीं है। हालांकि, गुरुवार को सुबह में कहीं-कहीं हल्के से मध्यम दर्जे का कोहरा रह सकता है। इसके बाद में आसमान साफ हो जाएगा। दोपहर में हल्की धूप खिली रहेगी। शाम के समय हवा चलने की संभावना है।

**सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा में:** वहीं, अगर हम बीते 24 घंटे की बात करें तो झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम का अधिकतम तापमान 27.6 डिग्री सेल्सियस रहा। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान गढ़वा में दर्ज किया गया, जहां का तापमान 7.5 डिग्री सेल्सियस था। जबकि रांची का उच्चतम तापमान 22.4 डिग्री था, जो सामान्य से 3.1 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री रहा, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम है।

**सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाने की मांग:** ठंड बढ़ने के साथ ही लोग सार्वजनिक जगहों पर अलाव जलाने की मांग करने लगे हैं। रांची डीसी ने तो इसे लेकर निर्देश दे दिया है। वहीं, सामाजिक सुरक्षा कोषांग की ओर से निर्धन व असहाय के बीच गर्म कपड़े बांटे जाने किये जाने की कवायद भी शुरू हो गयी है। गौरतलब है कि ठंड से बचाव को लेकर सामाजिक संगठन के साथ-साथ राष्ट्रीय सार्वजनिक मेला समिति, रेड क्रॉस सोसाइटी व नगर परिषद द्वारा हर वर्ष गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया जाता है। जिससे गरीबों की रात ठीक से कटती है।

# सदर एसडीओ ने बेघर और लाचार लोगों को पहुंचाया शेल्टर होम, बांटे कंबल



**रांची :** रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रांची में बढ़ती ठंड को देखते हुए सभी संबंधित पदाधिकारियों को फुटपाथ पर सोने वाले बेघर और लाचार लोगों को कंबल देने और जिला प्रशासन द्वारा बनाये गये शेल्टर होम (आश्रय गृह) में रखने का निर्देश दिया है। साथ ही प्रमुख चौक-चौराहों में अलाव की समुचित व्यवस्था कराने को कहा है। डीसी के इस आदेश के तहत सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने देर रात रांची के मुख्य चौराहों पर फुटपाथ पर सोने वालों को शेल्टर हाउस पहुंचाया। वहीं जो शेल्टर हाउस नहीं जाना चाहते थे, उनके लिए कंबल और अलाव की व्यवस्था की। ताकि ठंड से उन्हें बचाया जा सके।

एसडीओ ने अपर बाजार और खादगड़ा स्थित शेल्टर होम का औचक निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने शेल्टर होम के बाथरूम की साफ- सफाई और रिपेयरिंग का काम करने का निर्देश दिया। सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने शहर अंचल अधिकारी को मुख्य इलाकों में अलाव जलाने का भी निर्देश दिया।

**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

डी.आर.एम./कर्षण वितरण, उ.प.रे. जोधपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के वास्ते एवं मंडल की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते है। निविदा संख्या: 16- TRD-JU-ETENDER-24-25R2, दिनांक 11.12.2024. कार्य का नाम: Electrical TRD work in c/w SMR-MBF STD III EI Work (15 stations). कार्य की अनुमानित लागत: ₹ 66415667.50. सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाईट का पता: www.ireps.gov.in ई - निविदाएं प्रस्तुत करने की तिथि व समय: 06.01.2025 को 15:00 बजे तक। ई - निविदाएं खोलने की तिथि व समय: 06.01.2025 को 15.00 बजे के बाद। विस्तृत जानकारी हेतु कृपया www.ireps.gov.in पर विजिट करें।

1424-AR/24

/NWRailways /NWRailways_ पर फॉलो करें

# अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ डीजीपी की स्पेशल टीम ने की छापेमारी



**धनबाद :** अवैध कोयला कारोबार के खिलाफ डीजीपी की स्पेशल टीम ने छापेमारी की है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को रांची से धनबाद पहुंची टीम ने कई ठिकानों पर अवैध कोयला कारोबार को लेकर छापेमारी की। जिनमें पंचेत, जामडीह, खैरकियारी और लुचीबाद जैसे जगह शामिल है। छापेमारी के दौरान जहां अवैध कोयला बरामद किया गया, वहीं एक व्यक्ति को गिरफ्तार किए जाने की भी सूचना है। कोयलांचल धनबाद में कोयले के अवैध कारोबार की शिकायत पर डीजीपी की स्पेशल पुलिस मुख्यालय रांची की टीम धनबाद पहुंची थी। गौरतलब है कि एक बार फिर से धनबाद में अवैध कोयला का कारोबार शुरू हो गया है। कोक प्लांट समेत कई अन्य हार्डकोक प्लांट में बड़े पैमाने पर अवैध कोयला खपाए जा रहे हैं। जिसमें कई सिंडिकेट से जुड़े हुए लोग शामिल हैं। इन हार्डकोक प्लांट को कोयला अवैध खनन के कारण सस्ते दर पर मिल जाता है और कई दफा इन कोयले को डिस्को पेपर के माध्यम से अलग-अलग राज्यों में अवस्थित कोयला मंडी में खपाया जाता है।

# इंस्पेक्टर में प्रोन्नति के लिए 166 सब इंस्पेक्टर योग्य पाये गये

**रांची:** सब इंस्पेक्टर से इंस्पेक्टर में प्रोन्नति के लिए 166 पुलिस पदाधिकारी योग्य योग्य पाये गये हैं। गौरतलब है कि पांच दिसंबर को डीजीपी अनुराग गुप्ता की अध्यक्षता में प्रोन्नति के लिए बोर्ड की बैठक हुई थी। जिसमें 214 सब इंस्पेक्टरों के नाम पर चर्चा हुई थी। इनमें से 166 सब इंस्पेक्टर प्रोन्नति पाने के योग्य पाये गये, जबकि 24 अयोग्य और 22 सब इंस्पेक्टरों को प्रोन्नति देने का मामला लंबित रखा गया । प्रोन्नति योग्य पाये जाने से पहले कोई आपराधिक कांड में आरोपित हैं या किसी कोर्ट में मामला लंबित हो, इसकी जानकारी मांगी गयी थी।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला (सामान्य शाखा)**

**सूचना**

एतद द्वारा सभी संबंधित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा–2023 अन्तर्गत चयनित सफल अभ्यर्थियों की दौड़/शारीरिक दक्षता एवं साईकल चालन परीक्षा हेतु औपबंधिक सूची जिला के Website www.gumla.nic.in पर प्रकाशित कर दी गई है। प्रकाशित सूची के बाद प्राप्त दावा आपत्ति आवेदनों पर चौकीदार नियुक्ति समिति द्वारा निर्णय के उपरान्त पुनः संशोधित औपबंधिक सूची प्रकाशित की जाती है।

औपबंधिक प्रकाशित सूची के अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक सूचना :–

1. दौड़ की तिथि दिनांक–16.12.2024, 17.12.2024, 18.12.2024 को निर्धारित है।
2. दौड़ का समय एवं स्थान :– सुबह–07 बजे से आई.आर.बी. कैम्प (नागफेनी) गुमला में निर्धारित है।
3. दौड़ के पूर्व सभी प्रकार के दस्तावेजों का सत्यापन आई.आर.बी. कैम्प (नागफेनी) गुमला में किया जायेगा। अभ्यर्थी अपने साथ निम्नांकित प्रमाण पत्र (मूल प्रति एवं छाया प्रति) लाना सुनिश्चित करेंगे :–
   **A.** चौकीदार नियुक्ति लिखित परीक्षा प्रवेश पत्र **B.** फोटो युक्त पहचान पत्र **C.** मैट्रीक मार्कसीट **D.** जाति प्रमाण पत्र **E.** स्थानीय प्रमाण पत्र **F.** आ0क0व0(EWS) प्रमाण पत्र **G.** झारखण्ड ओलंपिक संघ अथवा उससे सम्बद्ध संघों द्वारा आयोजित अधिकाधिक राज्य चैम्पियनशीप प्रतियोगिता में उपलब्धि से संबंधित प्रमाण पत्र **H.** दिव्यांग प्रमाण पत्र।
4. उक्त के पश्चात कोई भी दस्तावेज सत्यापन का मौका नहीं दिया जायेगा।

**CUT-OFF MARKS**

| GEN | ST | SC | EWS | PVTG | PH(UR) | PH(ST) | PH(EWS) Roll no. | Sports (UR) | Sports (ST) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | 42 | 40 | 18 | 37 | 28 | 23 | GML3242 | 42 | 37 |

उपायुक्त, गुमला।

PR.NO.341790 District(24-25):D

# उपायुक्त ने रिम्स का किया औचक निरीक्षण

मेट्रो रेज



**रांची :** राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में इलाज के लिए आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों द्वारा प्राप्त शिकायतों को लेकर रांची डीसी मंजूनाथ भजन्त्री ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान डिप्टी डायरेक्टर (फाइनेंस) रिम्स योगेंद्र प्रसाद, डिप्टी मेडिकल सुपरीटेंडेंट राजीव रंजन एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय उपस्थित थे। डीसी ने एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, ट्रॉमा सेंटर, इमरजेंसी, ब्लड बैंक, एवं विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

**ट्रॉमा सेंटर के मरीजों से उपायुक्त ने की बातचीत,एचओडी की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश** डीसी ने ट्रॉमा सेंटर पहुंचकर वहां भर्ती मरीजों से बातचीत की। मरीजों को मिल रही चिकित्सकीय सुविधा एवं अन्य देखरेख के बारे में उन्होंने विस्तार से पूछा। ट्रॉमा सेंटर के हेड ऑफ डिपार्टमेंट प्रदीप कुमार भट्टाचार्य को फोन पर निर्देश देते हुए उपायुक्त ने कंट्रोल नंबर के माध्यम से दूर दराज के मरीजों के लिए उपलब्ध बेड की जानकारी मुहैया कराने के निर्देश दिये। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी चिकित्सक डॉक्टर त्राशा को डीसी ने जमशेदपुर और सदर अस्पताल से रेफर मरीजों को जल्द एडमिट करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने विभिन्न वार्डों और रिम्स परिसर में साफ-सफाई की व्यवस्था का जायजा लेते हुए सुधार के निर्देश दिए। संबंधित पदाधिकारी को उन्होंने साफ-सफाई और हाइजीन में किसी भी प्रकार से कंप्रोमाइज न करने को कहा। डिप्टी मेडिकल सुपरिंटेंडेंट को हाउसकीपिंग एवं साफ सफाई के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

**ब्लड बैंक का भी निरीक्षण** डीसी ने रिम्स अवस्थित ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। ब्लड बैंक में उपस्थित विभिन्न ग्रुप के ब्लड एवं जरूरतमंद मरीजों को ब्लड उपलब्ध कराने की जानकारी ली। बैंक में उपलब्ध ब्लड की जानकारी के लिए प्रभारी दीप नारायण प्रसाद को सॉफ्टवेयर सक्रिय करने हेतु निर्देशित किया गया। डीसी ने आम लोगों और सिविल सोसाइटी से अनुरोध किया कि वो बढ़-चढ़कर रक्तदान करें।

**रिम्स के सभी हेड ऑफ डिपार्टमेंट के साथ होगी बैठक** रिम्स में मरीजों के लिए बेहतर व्यवस्था हेतु आने वाले 2-3 दिनों में डीसी मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सभी हेड ऑफ डिपार्टमेंट के साथ बैठक की जाएगी। डीसी ने कहा कि सभी डिपार्टमेंट के प्रमुख से उनकी आवश्यकताओं की जानकारी लेते हुए रिम्स में बेहतर व्यवस्था का प्रयास किया जाएगा।

**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 05/2024–25**

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, लोहरदगा। |
| परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय | :– | 28.12.2024 तक कार्य अवधि में। |
| परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | नगर परिषद, कार्यालय, लोहरदगा। |
| निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय | :– | 27.12.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 28.12.2024 के अपराह्न 3.30 बजे। |
| कार्य का विस्तृत विवरण | :– | |

| क्र0 | योजना का नाम | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Construction of PCC Road From Masjid Raza-e-Mustafa to Sheru Khan house in New Azad Basti, Ward No. 02 | 8,07,444.00 | 16,149.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 2. | Construction of PCC road from Bhusan Pahan house to Janak Kashyap House in Madhuban toli ward No. 23 | 4,58,770.00 | 9,175.00 | 1000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 3. | Construction of PCC Road from Anil Ram House to Main Road (Rajeev Singh Plot) Via Amresh Kumar House in Ward No. 04 | 7,30,915.00 | 14,618.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 4. | Renovation of PCC Road and Construction of Slab from Back of Masjid to Zahid Ahmed House Powerganj ward No. 03 | 7,93,549.00 | 15,871.00 | 5000.00 + 18% GST | 45 दिन |
| 5. | Repair and Construction of PCC Road from 1 Shindbaaz Quraishi House to sonu alam house and 01 Nos. culvert 2. Sonu Alam House to Qamru Quraishi House 3. Qamru Quraishi House to rinku Quraishi house Near by Rahat nagar School, in ward No. 10 | 3,61,411.00 | 7,228.00 | 1000.00 + 18% GST | 45 दिन |

नोटः– नियम एवं शर्तें नगर परिषद, लोहरदगा के सूचनापट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा

PR 341781 Lohardaga(24-25).D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## बुढ़ापे को बुलावा

यह मौजूदा वक्त की विडंबना है कि आय बढ़ने के साथ लोगों ने घर में बने खाने की बजाय डिब्बाबंद प्रसंस्कृत खाने को तरजीह देना शुरू कर दिया है। सूचना माध्यमों के जरिये तुरत-फुरत के खाने के विज्ञापनों का इतने आक्रामक ढंग से प्रचार किया जाता है कि बच्चे क्या, बड़े भी डिब्बाबंद खाने के मुरीद होने लगते हैं। यह जानते हुए कि यह उनकी सेहत पर भारी है। जब घर के बड़े-बुजुर्ग इससे बचाव की सलाह देते हैं तो वे इसे पुरातनपंथी सोच करार दे देते हैं। लेकिन डिब्बाबंद खाने की मुहिम चलाने वाले पश्चिमी देशों को भी अब अहसास हो चला है कि डिब्बाबंद खाने से समय से पहले बुढ़ापा दस्तक देने लगता है। खानपान की पश्चिमी संस्कृति के वाहक इटली में हुए एक शोध ने विकसित देशों को भी नींद से जगाया है। दरअसल, इटली के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोलॉजी के एक हालिया शोध ने फिक्र बढ़ाने वाला निष्कर्ष दिया है कि डिब्बाबंद भोजन के जरूरत से ज्यादा सेवन से व्यक्ति का शरीर समय से पहले बूढ़ा हो जाता है। वैज्ञानिकों ने बताया है कि इसके सेवन से हमारे शरीर की कोशिकाएं और ऊतक समय से पहले वृद्ध होने लगते हैं। यदि कोई व्यक्ति बहुत ज्यादा ऐसे खाद्य पदार्थों का सेवन करता है तो बुढ़ापा जल्दी आएगा। इस शोध में करीब साढ़े बाइस हजार लोगों को शामिल किया गया। निष्कर्ष में पाया गया कि अधिक मात्रा में जंक फूड व प्रसंस्कृत भोजन का उपभोग करने वाले लोगों की जैविक उम्र अधिक दर्ज की गई। वैज्ञानिकों का दावा है कि हमारे खाने में शामिल प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ के मुक्त कण अन्य स्वस्थ अणुओं के विरुद्ध प्रतिक्रिया देते हैं। चिंता की बात यह है कि ये न केवल डीएनए व आरएनए बल्कि प्रोटीन को भी नुकसान पहुंचाते हैं। जिससे समय से पहले ही शरीर की कोशिकाएं मरने लगती हैं। अंततः शरीर समय से पहले बूढ़ा होने लगता है। वहीं आशंका जतायी जा रही है कि रासायनिक पदार्थों द्वारा संरक्षित डिब्बाबंद खाना हमारे शरीर में सूजन भी पैदा कर सकता है। इतना ही नहीं कालांतर व्यक्ति मोटापा, हृदय रोग, दूसरी श्रेणी के मधुमेह व गठिया जैसे रोगों का भी शिकार हो सकता है। दरअसल, खाद्य पदार्थों का बाजार चलाने वाली कंपनियों की कोशिश होती है कि खाने को देर तक संरक्षित किया जाए। खाद्यान्न को प्रसंस्कृत करने के लिये सुरक्षित रखने वाले रासायनिक पदार्थों व सोडियम का भरपूर इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा अधिक मात्रा में चीनी तथा शरीर के लिये नुकसानदायक रसायन, वसा व काबोर्हाइड्रेट भी खाने को देर तक चलने लायक बनाने के लिये इस्तेमाल किए जाते हैं। जो आखिरकार हमारी सेहत से खिलवाड़ ही करते हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ कंपनियां अधिक मात्रा में स्टार्च का भी प्रयोग करती हैं। ये कालांतर शरीर में शूगर बढ़ने से मधुमेह का खतरा पैदा कर सकती हैं। अधिक तेल भी सेहत के लिये घातक होता है। सेहत वैज्ञानिक लंबे अरसे से कहते रहे हैं कि डिब्बाबंद खाना व जंकफूड शरीर में मोटापा बढ़ाता है। दरअसल, इसमें विद्यमान ट्रांस फैट कालांतर शरीर में कोलेस्ट्रॉल को बढ़ा देता है। इससे बाद में कई तरह के रोग पैदा हो जाते हैं। विशेषकर दिल के रोगों के लिये यह घातक साबित हो सकता है। एक अध्ययन बताता है कि हाल के वर्षों में भारतीयों के खाने में डिब्बाबंद भोजन का हिस्सा बढ़ा है। एक भारतीय रिपोर्ट इस बात की पुष्टि करती है कि नई पीढ़ी घरों में खाना बनाने के बजाय डिब्बाबंद खाने को तरजीह दे रही है। जो कालांतर गैर संक्रामक रोगों को ही बढ़ावा देता है। विडंबना यह कि मां-बाप के मना करने के बावजूद नई पीढ़ी के किशोर व बच्चे डिब्बाबंद खाने और फास्ट फूड को अपना मुख्य भोजन बना रहे हैं। यही वजह है कि बड़ी उम्र में होने वाले लाइफस्टाइल के रोग अब बच्चों व किशोरों में भी होने लगे हैं। निश्चित ही इटली में हुआ शोध हमारी आंख खोलने वाला होना चाहिए। लोगों को डिब्बाबंद भोजन से परहेज करने के लिये जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है।

## अपनों का कत्ल

यूं तो हर रोज कई ऐसी खबरें विचलित करती हैं, जिसमें इंसानी रिश्तों का कत्ल होता है। लेकिन कुछ घटनाएं इतनी हृदयविदारक व वीभत्स होती हैं कि हर संवेदनशील व्यक्ति दुख व करुणा से स्तब्ध रह जाता है। पिछले दिनों दिल्ली की उस घटना ने विचलित किया, जिसमें आक्रोशित युवक ने पिता,मां व बहन की हत्या गुस्से में आकर कर दी। वहीं शनिवार को हरियाणा के शाहबाद की उस घटना ने हर किसी को झकझोरा, जिसमें पैसे के लेन-देन को लेकर कुछ लोगों द्वारा उत्पीड़ित किए जाने पर एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता, पत्नी की निर्मम हत्या करने के बाद खुदकुशी कर ली। उसने कोशिश तो अपने किशोर पुत्र की हत्या की भी की लेकिन संयोगवश वह बच गया। इस दिल दहला देने वाली घटना के बाद जो सुसाइड नोट मिला है, उसमें अपनों की हत्या करने वाले व्यक्ति ने आठ लोगों द्वारा रुपयों के लेन-देन के लिये उत्पीड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज भी किया है। अब भले ही हत्यारे व्यक्ति को रुपयों के लेन-देन को लेकर विकट स्थितियों का सामना करना पड़ रहा हो, लेकिन उसे इससे जन्म देने वाले माता-पिता व पत्नी की हत्या करने का अधिकार तो नहीं मिल जाता। आखिर उसके परिजनों का क्या कसूर था जिन्हें अकारण उसने मौत के घाट उतार दिया। दरअसल, ऐसे मामलों में अकसर देखने में आता है कि विकट परिस्थितियों में बेहद तनाव की स्थितियों से गुजर रहा व्यक्ति इतना हताश हो जाता है कि अपने प्रियजनों को किसी अपमानजनक स्थिति से बचाने के लिये उनकी जीवन लीला समाप्त करना अंतिम विकल्प समझ लेता है। इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि कई व्यक्ति वास्तविक आर्थिक स्थितियों का आकलन किए बिना ऐसे कदम उठा लेते हैं कि उसकी प्रतिपूर्ति करना मुश्किल हो जाता है। दरअसल संकट से गुजरते व्यक्ति में मुश्किल हालातों से मुकाबले का ऐसा धैर्य ही नहीं रहता है कि उससे उबारने का रास्ता खोज सके। ऐसे में मौत को गले लगाना ही उसे अंतिम विकल्प नजर आता है। दरअसल, हमारे समाज में आज महत्वाकांक्षाओं और भौतिक संसाधन जुटाने का इस कदर जुनून हावी है कि आसन्न संकट का आकलन किए बिना व्यक्ति कर्ज के जाल में फंस जाता है। वहीं दूसरी ओर हमारे समाज में आर्थिक लिप्साओं के उफान के दौर में लोग इतने संवेदनहीन हो चले हैं कि व्यक्ति की दुखती रग पर हाथ रखकर भयादोहन करने लगते हैं। निश्चित रूप से ये विकट स्थितियां मानवीय मूल्यों के पराभव को भी दशार्ती हैं। शाहाबाद की हृदय विदारक घटना के लिये जिन लोगों को दोषी बताया जा रहा है, उन्होंने भी इतना रहम नहीं दिखाया कि यह परिवार उजड़ने से बच जाए। चंद रुपयों को वसूलने के क्रम में लोग किस हद तक गिर सकते हैं, यह घटनाक्रम उसकी बानगी है। एक समय था कि लोग ऐसे संकट में फंसे व्यक्ति की मदद के लिये खड़े होते थे। हमारा सामाजिक स्वरूप ऐसा था कि गांव-मोहल्ले के लोग एक-दूसरे का दुख-दर्द बांट लेते थे। आज हर तरफ लोग पैसे के पीर बन गए हैं। शहरों में लोगों में ऐसी संवेदनशीलता नजर नहीं आती है कि दूसरे व्यक्ति या परिवार को संकट में फंसा देखकर आर्थिक संबल देकर या मनोबल बढ़ाकर उसे सांत्वना दें। ऐसे में जब व्यक्ति अपनी व अपने परिवार की मयार्दा व सम्मान गर्दिश में देखता है, तो वह आत्मघात को संकट का आखिरी समाधान मान लेता है। यह नये दौर की सामाजिक विकृति ही है कि अपनों का कत्ल करने से कोई गुरेज नहीं करता। सवाल यह भी है कि संकट कितना बड़ा क्यों न हो, आखिर कैसे कोई जन्म देने वाली मां का कत्ल कर सकता है? कैसे उस पिता को मार देता है, जिसने उसका जीवन सींचा है? कैसे उस पत्नी की हत्या कर देता है जिसकी रक्षा का संकल्प उसने सात फेरे लेते वक्त लिया था? निस्संदेह, समाज में पनपती यह संवेदनहीनता, निर्ममता, क्रूरता हमारे समाज विज्ञानियों के लिये मंथन का विषय है।

# भारतीय स्कूली शिक्षा प्रणाली में आमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता

**स्कूलों में मिश्रित शिक्षा दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों को आमने–सामने बातचीत से लाभान्वित करते हुए डिजिटल सामग्री तक पहुँचने की अनुमति देती है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग स्कूलों के लिए बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षण और संसाधनों को बढ़ा सकता है, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में। ब्रिटिश काउंसिल भारतीय राज्यों के साथ मिलकर शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार और वैश्विक शिक्षण मानकों को पेश करती है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर शिक्षण परिणाम मिलेंगे।**

**प्रियंका सौरभ**

कोठारी आयोग ने स्कूली शिक्षा में एकरूपता की नींव रखी और शैक्षिक सुधारों की आवश्यकता पर जोर दिया। इसने 14 वर्ष की आयु तक मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा की सिफारिश की, जिसने भारत की शिक्षा प्रणाली में भविष्य के सुधारों के लिए मंच तैयार किया। इस नीति ने शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच पर ध्यान केंद्रित किया, जिसका उद्देश्य समानता में सुधार करना और क्षेत्रीय असमानताओं को कम करना था। इसने पूरे देश में एक समान पाठ्यक्रम पेश किया और व्यावहारिक कौशल विकास के लिए व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दिया। इस योजना का उद्देश्य पोषण मानकों में सुधार करना और स्कूल में उपस्थिति बढ़ाना था। एसएसए का उद्देश्य प्राथमिक शिक्षा को सार्वभौमिक बनाना और लैंगिक और सामाजिक असमानताओं को खत्म करना था। आरटीई अधिनियम ने 6 से 14 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बना दिया, जिससे सभी बच्चों के लिए शिक्षा सुनिश्चित हुई। एनसीएफ 2005 का उद्देश्य सीखने के लिए रचनात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर शिक्षा को वास्तविक दुनिया की जरूरतों के लिए अधिक प्रासंगिक बनाना था। इसने रटने की आदत से हटकर परियोजना-आधारित सीखने और आलोचनात्मक सोच को प्रोत्साहित किया।

समग्र शिक्षा अभियान एकीकृत योजना का उद्देश्य समग्र दृष्टिकोण के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता और पहुँच में सुधार करना था। इसने हाशिए पर पड़े छात्रों के लिए बुनियादी ढांचे, शिक्षक प्रशिक्षण और समावेशी शिक्षा के लिए स्कूलों को अनुदान प्रदान किया। एनईपी 2020 ने प्रारंभिक बचपन की शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण और कक्षा 10 के बाद कठोर धाराओं को खत्म करने जैसे परिवर्तनकारी बदलावों का प्रस्ताव रखा। यह समग्र विकास के उद्देश्य से शिक्षा के मार्गों में बहु-विषयक सीखने और लचीलेपन पर जोर देता है। भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली के सामने आने वाली बहुआयामी चुनौतियाँ क्षेत्रों में गुणवत्ता की असमानताएँ हैं। भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच शिक्षा की गुणवत्ता में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जहाँ कई ग्रामीण स्कूलों में बुनियादी ढाँचे और योग्य शिक्षकों की कमी है। एएसईआर 2018 के अनुसार, ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 50% बच्चे ही बुनियादी पाठ पढ़ सकते हैं, जो शिक्षा की गुणवत्ता में असमानताओं को उजागर करता है। शिक्षा प्रणाली अक्सर सैद्धांतिक ज्ञान पर ध्यान केंद्रित करती है, जिससे छात्र कार्यबल में आवश्यक व्यावहारिक नौकरी कौशल के लिए तैयार नहीं होते हैं।

इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में डिग्री वाले स्नातकों में अक्सर नौकरी-विशिष्ट कौशल की कमी होती है, जिससे उच्च बेरोजगारी दर होती है। प्रणाली अभी भी रटने पर अत्यधिक ध्यान केंद्रित करती है, जिससे सीमित आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताएँ होती हैं। आईसीएसई और सीबीएसई में परीक्षाएँ अनुप्रयोग-आधारित सीखने के बजाय सामग्री को याद करने पर केंद्रित होती हैं, जिससे रचनात्मक सोच में बाधा आती है। शिक्षक प्रशिक्षण की कमियाँः शिक्षकों के प्रशिक्षण और व्यावसायिक विकास में एक महत्त्वपूर्ण अंतर है, जो शिक्षण की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। शिक्षकों की कमी और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण को पर्याप्त रूप से सम्बोधित करने में विफल रहने के लिए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की आलोचना की गई है। डिजिटल शिक्षा के विकास के बावजूद तकनीकी बुनियादी ढाँचा अपर्याप्त बना हुआ है, खासकर ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में। उदाहरण के लिएः डिजिटल इंडिया कार्यक्रम ने प्रगति की है, लेकिन ग्रामीण स्कूलों में इंटरनेट की पहुँच और डिवाइस की पहुँच अभी भी कम है, जिससे छात्रों का आधुनिक शैक्षिक उपकरणों से संपर्क सीमित हो जाता है।

आमूलचूल परिवर्तन उच्च-दबाव वाली परीक्षाओं से दूर जा सकता है और अधिक निरंतर मूल्यांकन विधियों को अपना सकता है, जिससे छात्रों पर परीक्षा का दबाव कम हो सकता है। सिंगापुर ने छात्रों के प्रदर्शन को मापने, तनाव को कम करने और सीखने के परिणामों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए निरंतर मूल्यांकन रणनीतियों को लागू किया है। आमूलचूल परिवर्तन से पाठ्यक्रम में प्रौद्योगिकी-संचालित शिक्षा को शामिल किया जा सकता है, जिससे पहुँच और सहभागिता बढ़ सकती है। कौशल-आधारित शिक्षा को शामिल करने जैसे पारंपरिक सुधारों से परे अभिनव समाधान। शुरूआती चरण में व्यावसायिक शिक्षा और कौशल-आधारित शिक्षा शुरू करने से छात्रों को व्यावहारिक क्षमताओं से लैस किया जाएगा, जिससे वे कार्यबल के लिए तैयार होंगे। दक्षिण कोरिया तकनीकी शिक्षा को मिडिल स्कूल से अपने पाठ्यक्रम में एकीकृत करता है, जिससे एक कुशल कार्यबल तैयार होता है। ऑफलाइन और ऑनलाइन सीखने का संयोजन शैक्षिक विभाजन को पाट सकता है, जिससे जुड़ाव और पहुँच बढ़ सकती है।

स्कूलों में मिश्रित शिक्षा दूरदराज के क्षेत्रों में छात्रों को आमने-सामने बातचीत से लाभान्वित करते हुए डिजिटल सामग्री तक पहुँचने की अनुमति देती है। सरकार और निजी क्षेत्र के बीच सहयोग स्कूलों के लिए बुनियादी ढाँचे, प्रशिक्षण और संसाधनों को बढ़ा सकता है, विशेष रूप से वंचित क्षेत्रों में। ब्रिटिश काउंसिल भारतीय राज्यों के साथ मिलकर शिक्षक प्रशिक्षण में सुधार और वैश्विक शिक्षण मानकों को पेश करती है। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और समग्र कल्याण पर ध्यान केंद्रित करने से बेहतर शिक्षण परिणाम मिलेंगे। उदाहरण के लिएः जापान ने अपने पाठ्यक्रम में मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को एकीकृत किया है, जिससे छात्रों के कल्याण और प्रदर्शन में सुधार हुआ है। स्थानीयकृत शिक्षा मॉडलः क्षेत्रीय आवश्यकताओं और सांस्कृतिक संदर्भों के अनुरूप शिक्षा प्रणालियों को तैयार करने से जुड़ाव और प्रासंगिकता में सुधार होगा।

भारत की स्कूली शिक्षा प्रणाली में दीर्घकालिक चुनौतियों का समाधान करने और परिणामों को बेहतर बनाने के लिए आमूलचूल सुधारों की आवश्यकता है। फिनलैंड के छात्र-केंद्रित दृष्टिकोण और दक्षिण कोरिया के व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं से प्रेरणा लेते हुए, भारत भविष्य के लिए तैयार कार्यबल के लिए एनईपी 2020 के दृष्टिकोण के साथ मिलकर समावेशी और टिकाऊ शैक्षिक परिणाम प्राप्त कर सकता है।

**(लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में बीमारियों का कारगर उपचार ढूंढा जाये

**डॉ. आर.के. सिन्हपारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही ह्लमल्टी स्पेशलिटी ह्लअस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अत: यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से उपलब्ध जड़ी–बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है।**

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

सुप्रीम कोर्ट में पिछले दिनों याचिका दाखिल कर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में पारंपरिक चिकित्सा पद्धति को भी शामिल करने की मांग की गई है। यह बिल्कुल ठीक है कि ऐसा करने से देश की बड़ी आबादी को सस्ती और असरदार स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। साथ ही, पारंपरिक चिकित्सा को भी पर्याप्त बढ़ावा मिलेगा और वे पहले की भाँति फिर लोकप्रिय हो सकेंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। हालांकि यह मामला ऐसा नहीं है, जिस पर सरकार को फैसला लेने में बहुत दिक्कत हो। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ जैसे आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी इत्यादि गरीब जनता के लिए कई मायनों में वरदान रही हैं और सरकारी संरक्षण प्राप्त होने पर और भी लोकप्रिय साबित हो सकती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों में आमतौर पर आधुनिक चिकित्सा की तुलना में उपचार की लागत काफी ज्यादा कम होती है। यह गरीब लोगों के लिए जो महंगे अस्पताल और दवाओं का खर्च वहन नहीं कर सकते, उनके लिए बहुत लाभकारी होती हैं।

ब्रिटेन के किंग चार्ल्स पिछले दिनों एक निजी यात्रा पर भारत आए हुए थे। उनके साथ उनकी पत्नी क्वीन कैमिला भी थीं। वे बेंगलुरु के पास एक आधुनिक आरोग्यशाला ह्लहोलिस्टिक हेल्थ सेंटर' में ठहरे। तीन दिनों की यात्रा के दौरान किंग चार्ल्स और क्वीन कैमिला ने योग, मेडिटेशन सेशन और योग थेरेपी का भरपूर आनंद उठाया। यानी सामान्य रोगियों से लेकर ब्रिटेन के किंग को भी अब समझ में आ गया है कि सेहतमंद रहने और स्मार्ट दिखने के लिए भारत के आधुनिक डॉक्टरों और परम्परागत चिकित्सा पद्धतियों से इलाज करवाना कहीं ज्यादा सही रहेगा। पारंपरिक चिकित्सक अक्सर ग्रामीण और दूरदराज के इलाकों में भी आसानी से उपलब्ध होते हैं, जहाँ आधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ कुछ ही ह्लमल्टी स्पेशलिटी ह्लअस्पतालों तक ही सीमित होती हैं। अतः यह पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियां ग्रामीण गरीबों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण हैं और इनमें गरीब ग्रामीणों का अटूट विश्वास भी है। ज्यादातर पारंपरिक उपचार स्थानीय रूप से उपलब्ध जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक संसाधनों पर ही आधारित होते हैं, जिसकी लागत कम होती है। खास बात यह है कि ये पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियाँ अक्सर शरीर और मन दोनों को एक साथ स्वस्थ रखने पर ध्यान केंद्रित करती हैं, जो आधुनिक चिकित्सा की तुलना में अधिक समग्र दृष्टिकोण है। यह जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम में अत्यंत कारगर मदद कर सकती हैं। कुछ पारंपरिक उपचारों की प्रभावशीलता के लिए पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाणों का अभाव गिना दिया जाता है क्योंकि आधुनिक वैज्ञानिक रूप से स्वीकार्य प्रयोगों पर आधारित साक्ष्य उपलब्ध नहीं हैं। सरकार को चाहिये कि आधुनिक प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक शोध के आधार पर इनके कारगर परिणाम के साक्ष्य उपलब्ध करवाए। इससे रोगियों की सुरक्षा और उपचार की गुणवत्ता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी सिद्ध और स्थापित हो सकेगी, नहीं तो पारम्परिक सिद्ध चिकित्सा पद्धतियों पर सवाल उठते ही रहेंगे। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों से जुड़े लोगों और भारत सरकार के आयुष मंत्रालय को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है। इनमें गहन शोध होना ही चाहिए। यह भी मानना होगा कि पारंपरिक चिकित्सा व्यवसाय का नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण अक्सर अपर्याप्त होता है। सरकार को इस तरफ भी देखना होगा। इनके कुछ चिकित्सक ऐसे दावा करते हैं जिनका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं होता है, जिससे रोगियों को भ्रमित किया जा सकता है और उनका स्वास्थ्य जोखिम में पड़ सकता है। अतः आयुष मंत्रालय को वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर इन दावों की प्रमाणिकता या तो सिद्ध करनी होगी या फिर खारिज करना होगा। खैर, ये पद्धतियाँ जनता के लिए वरदान तो हो ही सकती हैं, खासकर जब वे आधुनिक चिकित्सा के साथ एकीकृत हों और उचित नियमन और गुणवत्ता नियंत्रण के साथ संचालित हों। हालांकि, इन पद्धतियों की सीमाओं और चुनौतियों को भी स्वीकार करना और उनका समाधान करना महत्वपूर्ण है, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि यह उपचार पद्धति भी वैज्ञानिक रूप से प्रमाणिक है। भारत अपनी विविधता और समृद्ध इतिहास के लिए जाना जाता है, जिसमें अनेकों पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ हजारों वर्षों से चली आ रही हैं। आयुर्वेद, योग, यूनानी, सिद्धा, होमियोपैथी और अनेक अन्य प्रणालियाँ सदियों से भारतीय समाज के स्वास्थ्य और कल्याण का अभिन्न अंग रही हैं। आज, जब आधुनिक चिकित्सा पद्धति तेजी से आगे बढ़ रही है, तब भी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का महत्व कम नहीं हुआ है, बल्कि यह और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है। विश्व भर से प्रतिवर्ष हजारों अत्यंत पढ़े-लिखे और समृद्ध लोग आखिर भारत आकर इन चिकित्सा पद्धतियों पर लाखों खर्च क्यों करते हैं। वे सभी पागल तो हैं नहीं। उन्हें निश्चित रूप से लाभ मिल रहा है तभी तो वे यहाँ आकर महीनों रहकर , लाखों खर्चकर स्वस्थ होकर वापस जा रहे हैं।

भारत में स्वास्थ्य सेवा का वितरण असमान है, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं तक पहुँच सीमित होने के कारण, पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। ये पद्धतियाँ स्थानीय रूप से उपलब्ध संसाधनों का उपयोग करती हैं और अक्सर कम खचीर्ली होती हैं, जिससे वे आम लोगों के लिए अधिक सुलभ होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग अक्सर इन पद्धतियों पर ही निर्भर रहते हैं क्योंकि ये उनके सांस्कृतिक परिवेश और आर्थिक स्थिति के अनुकूल हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ केवल बीमारियों के इलाज पर ही केंद्रित नहीं हैं बल्कि रोगों की रोकथाम पर भी जोर देती हैं। आयुर्वेद और योग जैसे पद्धतियाँ जीवनशैली में बदलाव, आहार और व्यायाम के माध्यम से स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने पर केंद्रित हैं, जिससे कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है। ये पद्धतियाँ शरीर और मन के बीच संबंध को समझती हैं और समग्र स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करती हैं। पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियाँ प्रकृति से प्राप्त जड़ी-बूटियों और अन्य प्राकृतिक उपचारों का व्यापक उपयोग करती हैं। ये उपचार अक्सर कम साइड इफेक्ट वाले होते हैं और आधुनिक दवाओं की तुलना में शरीर पर कम हानिकारक प्रभाव डालते हैं। भारत की जैव विविधता ने सदियों से पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों को पोषित किया है और इन पद्धतियों को अद्वितीय उपचार विकसित करने का अवसर प्रदान किया है।

ये चिकित्सा पद्धतियाँ भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। ये पद्धतियाँ सदियों से भारतीय समाज के जीवन में अंतर्निहित हैं और लोगों के स्वास्थ्य के प्रति दृष्टिकोण को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इन पद्धतियों को अपनाने से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार होता है बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण में भी वृद्धि होती है। आयुर्वेद और योग जैसे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों ने विश्व स्तर पर लोकप्रियता हासिल की है। इनकी मांग बढ़ने से भारत के लिए आर्थिक अवसर भी पैदा हुए हैं। पारंपरिक चिकित्सा से संबंधित उद्योगों का विकास भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और रोजगार के अवसर पैदा करने में योगदान दे सकता है।

**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)**

# क्रोध की हालत में सही निर्णय नहीं हो पाता है

**अध्यात्म**

क्रोध विनाश का कारण बन जाता है। क्रोध कभी नहीं करना चाहिए। यह व्यक्ति की मति मार देता है, बुद्धि हर लेता है। इसके वशीभूत होकर लोग अक्सर गलत कदम उठा लेते हैं। इसकी वजह से इंसान सही-गलत में अंतर नहीं कर पाता है और वहशीपन पर उतारू हो जाता है। इसके प्रभाव में आदमी अपनापन, स्नेह, लगाव, प्रेम, आत्मीयता तो छोड़िए, अपना अस्तित्व तक भूल जाता है। क्रोध की अवस्था में किसी व्यक्ति और खूंखार जानवर में कोई फर्क नहीं रह जाता है। इंसान का रोष उसके लिए कई बार अभिशाप के रूप में भी सामने आता है। यह मानव मन की एक भावना है, जिसे अक्सर अच्छा नहीं माना जाता है। क्रोध का जनक भय भी माना जाता है। जब इंसान भय पर नियंत्रण करने की कोशिश करता है तो वह रोष के रूप में प्रकट होता है। कहा गया है कि काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह ये सब जीवन के सबसे बड़े शत्रु हैं। एक गुरु अपने शिष्यों को हमेशा अच्छाई और सदाचार का प्रचार-प्रसार करने की शिक्षा दिया करते थे। वह कहते थे कि केवल उपदेश देने में समय न गंवाना, बल्कि अपने हाथों से दीन-दुखियों, पीड़ितों, असहायों, निराश्रितों की अधिक से अधिक सेवा करना। किसी के यहां जाकर प्रेमपूर्वक सहायता मांगने पर अगर वह आपके साथ अमर्यादित आचरण करे, तब भी उस पर क्षोभ मत करना। वह जानते थे कि धन, संपत्ति संग्रह करने की प्रवृत्ति भय, कलह पैदा करती है। इसलिए वह अपने शिष्यों को समझाते कि अपने पास अपनी जरूरत भर की ही चीजें रखना। अधिक का संग्रह मत करना। भिक्षा में जो भोजन मिल जाए, उसी से संतुष्ट रहना। उन्होंने यह भी कहा कि लोग तुम्हारा विरोध करेंगे, उत्पीड़न भी करेंगे। लेकिन बहुत सावधानीपूर्वक शांति और धैर्य बनाए रखना। यह मानकर चलना कि वे शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं, आत्मा को नहीं। कारण बताते थे, आत्मा तो अमर, अजर और अविनाशी है। वह समझाते थे- सत्य, अहिंसा पर अटल रहने वाले को कोई नहीं मार सकता। जो तुम्हारा तिरस्कार करता है, वह स्वयं भगवान का तिरस्कार करता है, क्योंकि उसी भगवान ने हम सबको बनाया है। भगवान श्रीकृष्ण ने क्रोध को नर्क का द्वार बताया है। उन्होंने कहा है कि जो मनुष्य बात-बात पर तैश में आ जाता है, वह जीवन में कभी तरक्की नहीं कर पाता है और जीवन में हमेशा दुखी रहता है। क्रोध की हालत में मनुष्य कभी सही निर्णय नहीं कर पाता है। गुस्से की हालत में व्यक्ति खुद का भी नहीं रहता। वह अर्थहीन बातें करने लगता है। शास्त्रों में इसे मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु माना गया है। ऐसे में व्यक्ति अपना आपा खोकर कुछ भी कर बैठता है। रोष और आंधी को एक समान बताया गया है।

## सेहत

### सर्दियों में ड्राई स्किन होगी दूर

अक्सर सर्दी के मौसम में ड्राई स्किन परेशान करती रहती है। इस मौसम में ड्राई स्किन से निपटना काफी मुश्किल होता है। ठंड में हवा में नमी काफी कम होती है, जिससे स्किन ड्राई होने लगती है। सूखी त्वचा की समस्या से निपटने के लिए टोनर का प्रयोग करना उचित हैं लेकिन इसे सही तरीके से इस्तेमाल करना भी काफी जरुरी है। यदि आपकी स्किन ड्राई हो जाती है, तो हाइड्रेटिंग फेस टोनर आपके लिए बेस्ट है। आइए आपको बताते हैं कि इसका सही यूज कैसे करे। जब भी आप अपने त्वचा की देखभाल करना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने चेहरे पर जमा प्रदूषक, गंदगी, मैल आदि को हटाने के लिए अच्छे मॉइस्चाराइजिंग क्लींजर का यूज करें। इसकी मदद से आप चेहरे और गर्दन को साफ कर सकते हैं। जब त्वचा नम होती है तो टोनर आपकी स्किन में अच्छी तरह से अवशोषित हो जाते हैं। चेहरे को क्लींजर से धोने के बाद थोड़ा नम छोड़ते हुए माइक्रोफाइबर तौलिए से धीरे से थपथपाएं जरुर। इसके बाद आप स्किन को हाइड्रेटिंग रखने के लिए अच्छे क्वालिटी वाले टोनर को ले। मॉइस्चराइजिंग टोनर स्किन के पीएच लेवल को सुंतलित करने में मदद करता है। इसके साथ ही पहले रुखी त्वचा, ड्राई त्वचा में हाइड्रेशन को भी बढ़ावा देते हैं। टोनर को लगाने लिए एक कॉटन पैड पर कुछ बूंद टोनर की डालें और धीरे से ऊपर की ओर स्वाइप करें। चेहरे की नमी बनाए रखने के लिए फेस सीरम का प्रयोग करें। हथेली पर सिरम की बूंदें डालें और फिर फेस सीरम लगाएं। ये स्किन की चमक बनाए रखने में मदद करेगा। इसके साथ ही आप ड्राई स्किन से निपटने के लिए बेस्ट है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

न्यूज ब्रीफ

## स्वास्थ्य मंत्री से मिल कांग्रेस नेता सद्दाम हुसैन ने दी बधाई



**साहिबगंज :** कांग्रेस के जिल सचिव मो सद्दाम हुसैन रांची में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने मुलाकात कर उन्हें बुके देकर विभागीय प्रभार ग्रहण करने पर बधाई दी।उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से जिले में बेहतर स्वास्थ्य व्यवस्था कैसा हो इस पर चर्चा किया।सद्दाम हुसैन ने जिले में डॉक्टर की कमी सहित अन्य समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया।वही मंत्री ने सभी समस्याओं को दूर करने की बात कही।

## दो दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम मनोन्याय का समापन



**साहिबगंज :** मानसिक रूप से बीमार और बौद्धिक अक्षमता से ग्रस्त व्यक्तियों के मानवीय अधिकार एवं मौलिक स्वतंत्रता के संबंध में,नालसा के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में 10 दिसंबर से व्यवहार न्यायालय परिसर साहिबगंज स्थित लोक अदालत भवन में अखिल कुमार प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के मार्गदर्शन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। 11 दिसंबर को उक्त कार्यशाला का समापन किया गया।उक्त कार्यशाला में विश्वनाथ भगत सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज अधिवक्ता लालबाबू यादव,सरदार आनंद गोपाल सिंह गौतम प्रसाद सिंह, कूल्हेंदु प्रसाद,संजय मिश्रा मुनीलाल मंडल,अजय कुमार, संजय कुमार,एल ए डी सी रविंद्र श्रीवास्तव कामिनी शर्मा सहित साहिबगंज बोरिया बरहे तालझारी प्रखंड,सी डब्लू सी,साहिबगंज नगर एवं मुफस्सिल थाना,सरकारी अस्पताल से संबंधितदर्जनों पीएलवी उपस्थित थे।

## एक अवैध रूप से चल रहें एक ट्रेक्टर को पकड़ा किया पुलिस के हवाले

**साहिबगंज/मंडरोः** प्रखण्ड के मिजाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत मिजाचौकी नमानगर के बीच नीमगाछी के समीप अवैध रूप से चल रहें। ट्रैक्टर ? हाफ इंच पत्थर लदा बिना चलान के स्वराज ट्रेक्टर को बीडीओ सह अंचलाधिकारी मेघनाथ उरांव ने पकड़कर पुलिस को सुपूर्द किया।मिजाचौकी एएसआई काशीम शाह ने पुलिस अभिरक्षा में लगाया गया है।इस संबंध में सीओ ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी। वहीं कहा कि बीना चलान के एक भी पत्थर लदा परिवहन नहीं चलने दिया जाएगा। पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा।

## बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों पर दर्ज हुई प्राथमिकी

**साहिबगंज/उधवा :** बिजली विभाग की टीम ने राधानगर थाना क्षेत्रों में बिजली चोरी की रोकथाम को लेकर छापेमारी की। टीम ने सात लोगों को बिजली चोरी करते हुए पाया है। पुलिस से शिकायत करने के बाद सात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। यह कार्रवाई कनीय विद्युत अभियंता चंदन कुमार के नेतृत्व में की गई थी।जिसमें बिजली विभाग की टीम ने प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में छापेमारी अभियान चलाया था।छापेमारी के दौरान, बिजली विभाग की टीम ने केलाबाड़ी गांव के सात लोगों के घरों में बारी-बारी से छापेमारी की जिनमें पांडव साहा, मो. महबूब, हुसना बीवी, मकसूद आलम,अमित साहा,साहेब कुमार साहा और उदय साहा शामिल थे। कनीय विद्युत अभियंता ने बताया कि छापेमारी के दौरान उनलोग टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली चोरी करते पाए गए थे।मामले को लेकर मंगलवार देर शाम को कनीय विद्युत अभियंता ने राधानगर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद, राधानगर पुलिस ने कनीय विद्युत अभियंता के बयान पर थाना कांड संख्या 233/24 धारा 135,138 के तहत सात लोगों के विरुद्ध बिजली चोरी का मामला दर्ज किया गया है।

## बाइक चोरी मामले में अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

साहिबगंज/.उधवाः चांदशहर- बड़तल्ला आरईओ सड़क के पास से बाइक चोरी मामले में राधानगर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। राधानगर थाना क्षेत्र के चांदशहर निवासी अब्दुल मतीन शेख ने इसकी शिकायत राधानगर पुलिस से की थी। उन्होंने पुलिस को आवेदन देकर बताया था कि मंगलवार को अपनी हीरो कंपनी की ग्लेमर मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन संख्या जेएच 18 जी 8536 पर जमीन नापी का कार्य करने उधवा अंचल के नरसिंहपुर मौजा गया था। चाँदशहर बड़ तल्ला आरईओ सड़क में पूरब दिशा में मुख्य पथ से 600 मीटर अंदर जमीन पर बैलगाडी जाने वाली कच्ची सड़क पर बाइक खड़ा कर जमीन की नापी कर रहा था। जमीन की मापी करने के बाद दोपहर करीब 2:30 बजे उक्त स्थान पर वापस आया तो देखा कि मोटरसाइकिल वहां गायब मिला। वही आसपास काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कहीं कुछ सुराग नहीं मिल सका। वही राधानगर पुलिस ने अब्दुल मतीन शेख के बयान पर कांड संख्या 232/24 के तहत अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जेल में बंद अपराधी ने कराई दीपक सिंह की हत्या, 25 हजार की दी थी सुपारी

**हजारीबागः** पुलिस ने दीपक सिंह हत्या मामले का उद्भेदन कर लिया है. दीपक सिंह की हत्या आपसी विवाद और पैसे की लेनदेन के कारण हुई है. हत्या की साजिश जेल में बंद मिलन तुरी ने रची थी. मामले में दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है. इन दिनों हजारीबाग विभिन्न हत्या मामले को लेकर पूरे राज्य में सुर्खियों में है. 5 दिसंबर को हजारीबाग पुलिस ने बड़कागांव थाना अंतर्गत गिद्दी के साधु कुटिया के पास से दीपक सिंह का शव बरामद किया था. जिसकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी. इस मामले का उद्भेदन करते हुए हजारीबाग एसपी अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि संतोष कुमार उर्फ होरिल भुईयां और यूरबी कुरमाली उर्फ अभिराज को गिरफ्तार किया गया है. जिसने अपनी संलिप्तता भी स्वीकार कर ली है. हजारीबाग एसपी ने कहा कि दीपक सिंह की हत्या हजारीबाग जेल में बंद मिलन तुरी ने रची थी. मिलन तुरी और दीपक सिंह के आपसी विवाद और पैसे के लेनदेन के कारण यह घटना घटी है.

# राजस्व बिलिंग की उगाही पर पूरा ज्यादा ध्यान दें : महाप्रबंधक

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** विद्युत सर्किल कार्यालय मे दुमका विद्युत आपूर्ति क्षेत्र महाप्रबंधक राकेश प्रसाद के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई थी।जिसमे दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विद्युत विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय में समीक्षा बैठक की ओर चल रहे योजना आरडीएसएस,मुजे,पीएम जुगा योजना,स्कीम में चल रहे कामों के बारे में जानकारी हासिल की।जिसमें कार्य कर रहे एजेंसियों को बुलाकर छुटे हुए टोला ग्रामीण शहर चल रहे कार्यों को निर्धारित समय के पूर्व में काम करने का निर्देशित किया।साथ ही ग्रामीण में शहरी क्षेत्र में अधिक आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर जल्द से जल्द कामों को निपटारा करने को कहा गया।ओर उन्होंने यह भी कहा कि यह सभी कामों को दिसंबर 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।उन्होंने यह भी कहा कि जिस गांव मोहल्ले में बिजली लाइन का पॉल एवं तार चर्च स्थिति में अगर है। तो उसे इस स्कीम के



तहत जल्द से जल्द पूरा कर लिया जाएगा।इस बैठक में मौजूद विद्युत आपूर्ति क्षेत्र दुमका के महाप्रबंधक राकेश प्रसाद ने विशेष कर राजस्व को लेकर विद्युत विभाग के सभी कार्यपालक अभियंता सहायक अभियंता कनीय अभियंता के साथ विभिन्न योजनाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा के बारे में विशेष कर राजस्व,बिलिंग,आदि की उगाई पर पूरा ज्यादा ध्यान देने को कहा।वहीं विद्युत अधीक्षण अभियंता नत्थन रजक ने पाकुड़,साहिबगंज जिले में चल रहे सभी कार्यों का एक-एक करके समीक्षा किया।उन्होंने जिले के विद्युत कार्यपालक अभियंता,सहायक अभियंता और कनीय अभियंता को कहा कि आप लोग अपने अपने क्षेत्रों में जाकर सभी कामों को पूरा करके जल्द से जल्द मुझे सूचित करें।इस बैठक में मौजूद सब डिविजन कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी,कार्यपालक अभियंता एमआरटी नीतीश कुमार,तकनीकी कार्यपालक अभियंता सत्यनारायण पात्र,सहायक अभियंता सत्यदेव कुमार,पाकुड़ कार्यपालक अभियंता शैलेन्द्र बेसरा,कनीय अभियंता नीलगगन,दीपक कुमार सिंह,आशीष कुमार पटेल,विदेश मांझी,बीजू विष्णु पूर्ति,सुरेन्द्र प्रसाद मुर्मू,जेई ज्ञान चंद्र,चंद्रन कुमार,लेखा पदाधिकारी मनीष कुमार पाठक,विद्युत डिविजन लेखा सहायक सौरभ जैन,ओर अन्य लोग मौजूद थे।

## विधायिक ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर भूमि सम्बन्धी समस्याओं को लेकर सौपा ज्ञापन



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पाकुड़ विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक निसात आलम ने बुधवार को राजधानी रांची के झारखंड विधानसभा के मुख्यमंत्री कक्ष में मुलाकात कर पाकुड़ में झारनेट के धीमी नेटवर्क के कारण भूमि संबंधित कार्य प्रभावित होने के मामले को लेकर अवगत कराया विधायक निसात आलम ने बताया कि पाकुड़ में यह व्यवस्था काफी धीमी गति से चल रही है जिस कारण झारखंड सरकार का वेबसाइट झारभूमि सही तरीके से नहीं चल रहा है क्योंकि झारनेट का स्पीड काफी कम है और इस कारण यहां की इंटरनेट सही तरीके से काम नहीं कर रहा है और जिसका नतीजा यह हो रहा है कि पाकुड़ में भूमि संबंधित सारे कार्य प्रभावित हो रहे हैं और इसका सीधा असर यहां के जनमानस पर पढ़ रहा है विधायक ने मुख्यमंत्री से इस दिशा में आवश्यक पहल करने की मांग की पूरे मामले पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधायक निसात आलम को आवश्यक पहल करने का भरोसा दिया।

## लालमोहन रिखयासन के मरणोपरांत श्रद्धांजलि सभा सह शोक सभा का आयोजन

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा पचगढ़ ज्योतिया मोड़ के पास बुधवार को मृतक लालमोहन रिखयासन के मरणोपरांत श्रद्धांजलि सभा सह शोक सभा का आयोजन किया गया।जहां इस कार्यक्रम को बौद्ध रीति रिवाज से भंते सुनीत पाल पालीगंज पटना के द्वारा संपन्न किया गया।जिसमें मृतक की पत्नी विमला देवी,पुत्र लोकेश कुमार,पारस कुमार,पुत्री प्रतिभा कुमारी,ओनम कुमारी,भाई सुनील रिखयासन के अलावा जय नारायण बौद्ध रामदेव बौद्ध, कैलाश पासवान, मोतीलाल सरकार, आर.एस.के.रमन, मदन प्रसाद हरिजन, शंभू बौद्ध, खुशी लाल मंडल उर्फ विनोद बौद्ध रामस्वरूप,विभीषण पासवान, रामेश्वर मंडल रमेश चंद्र मंडल, फुल कुमार रजक,दारा पासवान, रणधीर प्रसाद चौरसिया,बलदेव राम,योगेंद्र



पासवान विश्वजीत पल्लव कुमार सुमन,प्रमोद कुमार मंडल के अलावे दर्जन लोग महिला पुरुष बच्चों ने उपस्थित होकर मृतक लालमोहन को पुष्प से पुष्पांजलि अर्पित एवं शोक सभा अर्पित किया।इसको लेकर पटना पाली से आए हुए भिखू सुनीत पाल ने कहा कि आज हम लोग किसी व्यक्ति के मरने के उपरांत कर्ज लेकर श्राद्ध व मृत्यु भोज करते हैं।जिसके कारण पीड़ित परिवार को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। जबकि ऐसा करने से मृतक की आत्मा को कुछ भी नहीं मिलता है।और परिवार कर्ज में डूब जाता है।वहीं उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म में ऐसा कुछ भी नहीं है जहां अंधविश्वास में पड़ कर लोग मरने के बाद पुराने रीति रिवाज को आज भी पालन कर रहे हैं। अगर उन खर्चों को किसी गरीब या अनाथालय में दिया जाए तो वह सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

## ठंड की चपेट में आया प्रवासी मजदूर पंजाब में हुई मौत

साहिबगंज/उधवाः राधानगर थाना क्षेत्र के दक्षिण बेगमगंज पंचायत अंतर्गत सीताराम टोला गांव के एक प्रवासी मजदूर की बुधवार को अचानक ठंड से मौत हो गई है। यह घटना पंजाब शहर में घटी, जहां मृतक मजदूर मजदूरी के लिए गया था।मिली जानकारी के अनुसार दक्षिण बेगमगंज पंचायत के सीताराम टोला निवासी मीतीन मंडल 50 पंजाब शहर में बिगत दो माह पूर्व मजदूरी के लिए गया था। दूरभाष से परिजनों को सूचना मिली की मीतीन मंडल की अचानक ठंड से मौत हो गई है।खबर सुनने के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है। मृतक के परिजनों ने बताया कि मीतीन मंडल मजदूरी के लिए पंजाब गया था।

## हत्या कर अपराधी फरार हो गया अब तक पुलिस गिरफ्त से है बाहर : रजनी

**साहिबगंजः**जिले के तीनपहाड़ थाना का जल्द से जल्द अपना भवन हो इसके लिए झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के पूर्व केन्द्रीय सचिव रजनी कान्त यादव ने जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर ध्यान आकृष्ट कराया।उन्होंने पत्र की कॉपी मुख्य सचिव झारखंड सरकार,पुलिस महानिदेशक झारखंड व उपायुक्त साहिबगंज को भी भेजा है।श्री यादव ने कहा कि ये तीनपहाड़ थाना वर्षों से अब तक रेलवे के एक छोटे से क्वार्टर में चल रहा है। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।जबकि ये तीनपहाड़ थाना अन्तरराज्यीय सीमा के ख्याल से काफी नजदीक है। जो कानून-व्यवस्था के मद्देनजर काफीं महत्वपूर्ण है इसलिए इसका अपना भवन समुचित व्यवस्था व आधुनिक तकनीकी के साथ न होना कभी कभी कानून व्यवस्था के लिए कमी साबित होता रहा है।उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के एक प्रमुख व्यवसायी की दिन-दहाड़े निर्मम हत्या कर अपराधी फरार हो गया जो अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है और परिजनों का हाल बुरा है।थाना क्षेत्र की आम जनता में भय का वातावरण व्याप्त है।श्री यादव ने कहा कि पिछले समय में थाना के अपने भवन के लिए उन्होंने पहल किया था उसके बाद जिले के तत्कालीन उपायुक्त के अगुवाई में पुलिस अधीक्षक, राजमहल अनुमन्डल पदाधिकारी एवं राजमहल अंचल पदाधिकारी ने तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बभनगामा मोड़ के पास हेल्थ सब सेन्टर के पास अवस्थित जमीन का निरीक्षण कर उपस्थित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये थे।लेकिन कुछ दिनों के बाद किसने लापरवाही की ये विभागीय पदाधिकारी लोग ही बता सकते हैं।उन्होंने कहा कि तीनपहाड़ थाना का अपना भवन जल्द ही हो ताकि जनता के साथ साथ थाने में कार्यरत पुलिस कर्मियों को भी अपना कर्तव्य को बखूबी निभा सके।

## 28 घंटे बाद निकाला गया तालाब में डूबे युवक का शव

**गिरिडीहः** जिले के सरिया थाना क्षेत्र के बालीडीह में तालाब में डूबे युवक का शव 28 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला जा सका. एनडीआरएफ की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को तालाब से बाहर निकाला. युवक का शव बाहर निकाले जाने के साथ ही परिजनों के चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है. एसडीएम संतोष गुप्ता ने पूरे मामले की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि मंगलवार को ही अपने मामा के घर आया युवक मोहित राणा तालाब में डूब गया था. नहाने के दौरान गहरे पानी में चले जाने से वह डूब गया था. घटना के बाद स्थानीय तैराकों ने उसे बाहर निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली. इधर बुधवार को प्रशासन द्वारा एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया. टीम कड़ी मशक्कत के बाद युवक के शव को बाहर निकालने में सफल रही. सुबह एनडीआरएफ की टीम नहीं पहुंची थी. इसके विरोध में लोगों ने एक घंटे तक सड़क जाम भी किया था. बाद में देवघर से पहुंची एनडीआरएफ की टीम ने तालाब में डूबे युवक का शव बाहर निकाला. बताया जाता है कि मोहित राणा कोडरमा का रहने वाला था. सरिया के बालीडीह अपने मामा के घर आया था.

## जामताड़ा पुलिस ने की छापेमारी, एक नाबालिग समेत चार साइबर अपराधी गिरफ्तार

मेट्रो रेज संवाददाता

**जामताड़ा :** जिले में चल रहे साइबर क्राइम के अड्डे पर छापेमारी कर पुलिस ने एक नाबालिग समेत 4 साइबर अपराधी को पकड़ा है. पकड़े गए साइबर अपराधी में दो गिरिडीह जिला के अहिल्यापुर थाना के रहने वाले हैं. पुलिस ने अपराधियों के पास से 9 सिम कार्ड, 8 मोबाइल और 8 मोटरसाइकिल बरामद किया है. साइबर अपराधी नारायणपुर थाना क्षेत्र के मिरगा गांव में साइबर अपराध को अंजाम दे रहे थे, तभी पुलिस के हत्थे चढ़ गए.

फर्जी गैस कंपनी के अधिकारी बनकर करते थे साइबर ठगी

पकड़े गए साइबर अपराधी गैस कनेक्शन का बिल जमा नहीं करने, गैस कनेक्शन काटने का फर्जी मैसेज भेज कर खुद को गैस कनेक्शन विभाग का अधिकारी बताते थे. ये अपराधी सब्सिडी देने के नाम पर उनके मोबाइल पर क्विक सपोर्ट एनीडेस्क जैसे मोबाइल शेयरिंग एप




डाउनलोड करवा लेते थे. जिसके बाद उनके सारे बैंक की गोपनीय जानकारी प्राप्त कर साइबर ठगी करते थे.

बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली के लोगों को लगाते थे चूना

पुलिस के अनुसार पकड़े गए साइबर अपराधी पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और दिल्ली के लोगों को निशाना बनाते थे और साइबर ठगी को अंजाम देते थे. हालांकि पुलिस को पता नहीं चल पाया है कि अब तक पकड़े गए साइबर अपराधी द्वारा कितने लोगों से ठगी की गई है. पुलिस फिलहाल इस संबंध में जब्त मोबाइल और सिम की जांच कर रही है.

एसपी ने दी जानकारी

पकड़े गए साइबर अपराधियों के बारे में जानकारी देते हुए जामताड़ा एसपी ने बताया कि पकड़े गए साइबर अपराधी मिरगा गांव में साइबर अपराध को अंजाम दे रहे थे. जहां से एक नाबालिग के साथ कुल चार साइबर अपराधी को पकड़ा गया है. नाबालिग को निरुद्ध किया गया है, जबकि तीन साइबर अपराधी को जेल भेज दिया गया है. एसपी ने जिले के लोगों से जागरूक होने और खास कर? ?नाबालिगों को इस क्षेत्र में आने से रोकने की अपील की है. फिलहाल पकड़े गए अपराधियों को न्यायिक हिरासत के तहत जामताड़ा जेल भेज दिया है.



# करीना ने सोशल मीडिया पर शेयर कीं पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीरें

बॉलीवुड के शोमैन कहे जाने वाले राज कपूर की 100वीं जयंती पर 14 दिसंबर को कपूर परिवार ने एक बड़ा आयोजन किया है। इस शताब्दी कार्यक्रम में दिग्गज कलाकार और नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को न्योता देने मंगलवार को कपूर परिवार के सदस्य नीतू कपूर, रणबीर कपूर, करिश्मा कपूर, करीना कपूर, सैफ अली खान, आलिया भट्ट, आधार जैन, अनीसा मल्होत्रा दिल्ली गए। प्रधानमंत्री आवास जाकर मोदी से मुलाकात करके उन्हें आमंत्रित किया। कपूर परिवार के सदस्यों ने बुधवार को इस मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस करीना कपूर ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, "हमारे महान दादा राज कपूर की असाधारण जीवन यात्रा एक बार फिर फिल्मों के जरिए दर्शकों के सामने आएगी। हमने इस विशेष कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। करीना कपूर ने आगे लिखा, ₹हम भारतीय सिनेमा में दादाजी की कलात्मकता, दूरदर्शिता और योगदान के 100 गौरवशाली वर्षों का जश्न मनाते हैं, हम उनकी विरासत के स्थायी प्रभाव का सम्मान करते हैं, जो हमें और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।₹ हमें उनकी प्रतिष्ठित फिल्मों को प्रदर्शित करने और 'राज कपूर 100 फिल्म फेस्टिवल' के माध्यम से भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को मनाने पर गर्व है। फिल्म महोत्सव 13 से 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। 40 शहरों और 135 थिएटरों में 10 फिल्में दिखाई जाएंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करीना-सैफ के बच्चों तैमूर और जेह को खास तोहफा दिया। नरेंद्र मोदी ने एक कागज के टुकड़े पर टिम (तैमूर) और जेह का नाम लिखकर अपने हस्ताक्षर किए। करीना ने इस फोटो को अपने इंस्टाग्राम और स्टोरी पर भी शेयर किया है।

# वनवास की पहली स्क्रीनिंग देख भावुक हुए विजयपत सिंघानिया

विजयपत सिंघानिया ने सालों बाद सार्वजनिक कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने अनिल शर्मा की फिल्म वनवास की स्पेशल स्क्रीनिंग में हिस्सा लिया। यह फिल्म, जो पारिवारिक धोखे और व्यक्तिगत संघर्ष की कहानी है, सिंघानिया को बहुत प्रभावित कर गई। 84 साल के सिंघानिया, जो कभी भारत के सबसे बड़े और मशहूर टेक्सटाइल ब्रांड के टॉप बिजनेसमैन थे, अब बहुत कम ही किसी इवेंट में नजर आते हैं। अनिल शर्मा द्वारा लिखे, प्रोड्यूस और डायरेक्ट किए गए वनवास को 20 दिसंबर 2024 को थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। जी स्टूडियोज द्वारा वर्ल्डवाइड रिलीज की जाने वाली इस फिल्म में नाना पाटेकर, उत्कर्ष शर्मा और सिमरत कौर लीड रोल में नजर आएंगे।



# शबाना आजमी ने फायर फिल्म में नंदिता दास के साथ इंटीमेट सीन के बारे में की बात



फिल्म 'फायर' के बोल्ड सब्जेक्ट और अलग कहानी की चर्चा आज भी होती है। फिल्म 'फायर' में नंदिता दास और शबाना आजमी के बीच एक इंटीमेट सीन था। कई लोगों ने इस सीन को फिल्म का विषय समझा, लेकिन कुछ लोगों ने इसकी आलोचना की। आखिरकार शबाना आजमी ने इतने सालों बाद इस सीन को करने का अनुभव शेयर किया है। शबाना आजमी ने एक इंटरव्यू में खुलासा करते हुए कहा, 'जब मैंने स्क्रिप्ट सुनी, तो मुझे यह बहुत पसंद आई, क्योंकि मैं अच्छी तरह से जानती थी कि भारत में ऐसे विषयों पर खुलकर बात की जानी चाहिए। इस विषय को हमेशा दबाया गया है। शबाना आजमी ने फिल्म फायर में इंटीमेट सीन शूट करने का अनुभव शेयर किया। उन्होंने कहा, 'यह बहुत मुश्किल था। मैं उस समय नंदिता को नहीं जानती थी। शूटिंग के पहले दिन दीपा ने हमें लव-मेकिंग सीन की रिहर्सल करने के लिए कहा। नंदिता और मैंने दोनों ने पहले कभी ऐसा सीन नहीं किया था। इसलिए रिहर्सल के दौरान नंदिता ने मेरे होठों पर अपनी उंगली रखी, लेकिन यह रोमांटिक नहीं लगा। फिर दीपा चिल्लाई, यह सीन शूट करना हमारे लिए बहुत अजीब अनुभव था था। इस इंटीमेट सीन की शूटिंग के दौरान उस कमरे में कैमरामैन और दीपा के अलावा ज्यादा लोग नहीं थे। हमारे लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाया गया।

# योनेक्स-सनराइज बांग्लादेश जूनियर, सीनियर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट कल से




**एजेंसी**

**ढाका ।** योनेक्स-सनराइज बांग्लादेश जूनियर और सीनियर अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 शुक्रवार से ढाका के शहीद ताजुद्दीन अहमद इंडोर स्टेडियम में शुरू होगा। जूनियर सीरीज 13 से 16 दिसंबर तक आयोजित की जाएगी, जबकि सीनियर सीरीज का आयोजन 17 से 21 दिसंबर तक किया जाएगा। बांग्लादेश बैडमिंटन महासंघ (बीबीएफ) द्वारा आयोजित किए जा रहे टूर्नामेंट में 19 देशों के प्रमुख शटलर भाग लेंगे। बीबीएफ की कार्यवाहक अध्यक्ष क्वामरुन्नाहर दाना ने बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस आयोजन की विस्तृत जानकारी साझा की। भारत, इंडोनेशिया और मेजबान देश बांग्लादेश के कुल 114 खिलाड़ी जूनियर टूनार्मेंट में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इस बीच, सीनियर टूनार्मेंट में भारत, थाईलैंड, म्यांमार, कनाडा, इंडोनेशिया, श्रीलंका, जापान, मालदीव, इंग्लैंड, यूक्रेन, इटली, फिनलैंड, बुल्गारिया, युगांडा, मलेशिया, वियतनाम, फिलीपींस और सिंगापुर सहित 19 देशों के 228 प्रतिभागी भाग लेंगे। दोनों टूनार्मेंट में जूनियर और सीनियर श्रेणियों के लिए पाँच-पाँच इवेंट होंगे।

### न्यूजीलैंड के पूर्व खिलाड़ी का बड़ा खुलासा, कहा-

# 'भारत में मुझे मैच फिक्सिंग की दुनिया में धकेल दिया गया'

**एजेंसी**



**न्यूजीलैंड ।** न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज लू विंसेंट ने खुलासा किया है कि 2000 के दशक के आखिर में अब बंद कर दी गई इंडियन क्रिकेट लीग के दौरान वह मैच फिक्सिंग की दुनिया में कैसे आकर्षित हुए थे तथा वह एक गिरोह का हिस्सा थे जिसमें उन्हें अवसाद के दिनों में अपनेपन का एहसास होता था।

न्यूजीलैंड की तरफ से 23 टेस्ट और 108 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले विंसेंट पर 2104 में मैच फिक्सिंग के लिए इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने आजीवन प्रतिबंध लगाया था। पिछले साल प्रतिबंध का दायरा कम करके उन्हें घरेलू क्रिकेट में शामिल होने की अनुमति दी गई थी। इस 46 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने करियर की शुरूआत 2000 के दशक की सबसे मजबूत टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में शतक जड़कर की थी।

इसके बाद हालांकि उन्हें अवसाद से जूझना पड़ा और वह मैच फिक्सिंग की दुनिया में चले गए। इस तरह से उनका अंतरराष्ट्रीय करियर 29 साल की उम्र में समय से पहले खत्म हो गया। विंसेंट ने द टेलीग्राफ को दिए गए साक्षात्कार में बताया कि कैसे उनकी शुरूआती परवरिश ने उनके व्यक्तित्व और करियर को प्रभावित किया। उन्होंने कहा, मैं पेशेवर खिलाड़ी बनने के लिए मानसिक रूप से मजबूत नहीं था। इसलिए 28 साल की उम्र में मैं गहरे अवसाद में था और फिर भारत चला गया जहां मुझे मैच फिक्सिंग की दुनिया में धकेल दिया गया।

विंसेंट ने कहा, मुझे ऐसा लगा जैसे मैं एक गिरोह का हिस्सा हूं। इससे मुझे लगभग बेहतर महसूस हुआ, क्योंकि मैं सोच रहा थाः मैं एक मैच फिक्सिंग गिरोह का हिस्सा हूं, मैं एक ऐसे समूह के साथ हूं जो मेरी पीठ थपथपाएगा और कोई भी हमारे बारे में नहीं जानता। पारिवारिक पृष्ठभूमि अच्छी नहीं होने के कारण विंसेंट हमेशा अपने आस-पास भावनात्मक समर्थन की तलाश में रहते थे और आखिरकार उन्हें वह सहारा भ्रष्टाचार की गंदी दुनिया में मिला।

वह वर्तमान में न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के संगठन की भ्रष्टाचार विरोधी शिक्षा पहल में शामिल हैं। उन्होंने कहा,ह्यह्य मैंने 12 साल की उम्र से खुद का पालन पोषण किया और इसलिए मैं हमेशा अपने आसपास के लोगों के बहकावे में आ जाता था। मैं प्यार पाना चाहता था और इसलिए आसानी से भटक जाता था।

विंसेंट को हालांकि मैच फिक्सिंग गिरोह का हिस्सा होने के खतरों का एहसास होने लगा था। उन्होंने कहा,जब आप उस दुनिया का हिस्सा होते हैं तो फिर उससे बाहर निकलना आसान नहीं होता है। उसमें हमेशा कोई ना कोई खतरा बना रहता है क्योंकि वह आपको और आपके परिवार को अच्छी तरह से जानते हैं।

# फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के लिए अभिनेता नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा काशी आएंगे



**बॉलीवुड** के जाने–माने अभिनेता नाना पाटेकर और युवा अभिनेता उत्कर्ष शर्मा अपनी नई फिल्म 'वनवास' के प्रमोशन के सिलसिले में 13 और 14 दिसंबर को वाराणसी में रहेंगे। इस प्रमोशनल दौरे में दोनों कलाकार मीडिया से बातचीत करेंगे और स्थानीय प्रशंसकों से भी मिलेंगे। फिल्म के प्रसार टीम के अनुसार फिल्म 'वनवास' एक सामाजिक और संवेदनशील मुद्दे पर आधारित कहानी है, जो दर्शकों को एक नया अनुभव देने का वादा करती है। नाना पाटेकर अपनी दमदार अदाकारी और उत्कर्ष शर्मा अपनी नई पीढ़ी की ऊर्जा के साथ फिल्म को और भी खास बना रहे हैं। उत्कर्ष शर्मा इससे पहले अपनी भूमिकाओं के लिए युवा दर्शकों के बीच लोकप्रिय हो चुके हैं, और इस फिल्म में उनका किरदार भी चर्चा में है। वाराणसी में प्रमोशन के दौरान, नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा मीडिया इंटरेक्शन के अलावा गंगा आरती में भी शामिल हो सकते हैं और शहर की सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करेंगे। यह दौरा फिल्म के प्रति दर्शकों में उत्सुकता बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है। फिल्म 'वनवास' के निमार्ता और निर्देशक को उम्मीद है कि इस प्रमोशनल कैंपेन से फिल्म को व्यापक पहचान मिलेगी। फिल्म जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, और इसे लेकर दर्शकों में काफी उत्साह है। बताया गया कि नाना पाटेकर और उत्कर्ष शर्मा का यह वाराणसी दौरा फिल्म के प्रचार के साथ–साथ उनके प्रशंसकों के लिए भी एक यादगार अनुभव साबित होगा। बताते चले इसके पहले के काशी दौरे में अभिनेता नाना पाटेकर का व्यवहार प्रशंसकों के साथ अच्छा नही रहा। बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर नाना पाटेकर के थप्पड़ कांड की चर्चा सोशल मीडिया में सुर्खियों में रही। तब अभिनेता को प्रशंसक से माफी मांगनी पड़ी थी। तब वाराणसी की गलियों में शूटिंग कर रहे नाना पाटेकर का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो एक लड़के को थप्पड़ मार रहे थे। जिसके बाद नाना ?पाटेकर के खिलाफ विरोध तेज होता देख उन्होंने वीडियो जारी कर माफी भी मांग ली थी।

# ओडिशा एफसी पर जीत से पूरी होगी ईस्ट बंगाल एफसी की हैट्रिक

**एजेंसी**



**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल एफसी और ओडिशा एफसी गुरुवार शाम विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (वीवाईबीके) में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में आमने-सामने होंगी, तो रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड का इरादा लगातार तीसरी क्लीन शीट हासिल करते हुए जीत की हैट्रिक लगाना होगा।

दिलचस्प बात यह है कि रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड को इस सीजन में पिछली हार अक्टूबर में ओडिशा के हाथों 1-2 से मिली थी।

ओडिशा एफसी 11 मैचों में चार जीत, 4 ड्रा और तीन हार से 16 अंक लेकर तालिका में पांचवें स्थान पर हैं। ईस्ट बंगाल एफसी नौ मैचों में दो जीत, एक ड्रा और छह हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है। उसने क्लीन शीट रखते हुए अपने पिछले लगातार दो मैच जीते हैं और वो इस लय को खोना नहीं चाहेंगी।ईस्ट बंगाल के पास आईएसएल में जीत की हैट्रिक लगाने का मौका होगा, जिसे हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन की रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड पाना चाहेगी। उन्होंने अपने पिछले दो घरेलू मैचों में क्लीन शीट हासिल करके रक्षात्मक अनुशासन दिखाया है।

ओडिशा ने आईएसएल 2024-25 के दौरान हर 43 मिनट में गोल किया है, जो इस सभी टीमों में सबसे तेज है। अब तक उनके 23 गोल किसी भी सीजन में 11 मैचों के बाद सबसे ज्यादा हैं।

ओडिशा ने छह अवे मैचों में लगातार गोल खाए थे, लेकिन उन्होंने अपने पिछले मैच में हैदराबाद एफसी को 6-0 को रौंदकर यह सिलसिला तोड़ा था।

ईस्ट बंगाल एफसी के स्पेनिश हेड कोच ऑस्कर ब्रुजोन ने रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड के प्रदर्शन को सराहा, लेकिन कहा कि उन्हें इस सीजन में लंबा रास्ता तय करना है। उन्होंने कहा, 'खिलाड़ी सकारात्मक हैं। हम बहुत ज्यादा मौके नहीं गंवा रहे हैं। हम बतौर टीम अच्छे नतीजे दे रहे हैं। लेकिन, हम अभी भी लीग तालिका में काफी नीचे हैं, और ऊपर जाना चाहते हैं।'

ओडिशा एफसी के स्पेनिश हेड कोच सर्जियो लोबेरा ने पिछले कुछ मैचों में सुधार करने के लिए ईस्ट बंगाल एफसी की सराहना की। उन्होंने कहा, ईस्ट बंगाल एफसी एक बहुत प्रतिस्पर्धी टीम है। वो अच्छा प्रदर्शन कर रही है, अपनी फुटबॉल में सुधार के साथ मानसिक तौर पर मजबूत हो रही है। मुकाबला कठिन होगा।

बता दें कि आईएसएल में दोनों टीमें के बीच नौ मैच खेले गए हैं। ओडिशा एफसी सात बार विजयी हुई है, जबकि ईस्ट बंगाल एफसी एक मैच जीती है। दोनों टीमों के बीच भुवनेश्वर में सीजन का पहला मुकाबला जगरनॉट्स ने 2-1 से जीता था।

# आतंकी फंडिंग मामले में जम्मू-कश्मीर में कई स्थानों पर एनआईए की छापेमारी

एजेंसी

**अनंतनाग।** आतंकी फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में कई जगहों पर छापेमारी की। छापेमारी की कार्यवाही फिलहाल जारी है। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने जम्मू-कश्मीर में बारामुला, रियासी, बडगाम और अनंतनाग जिलों सहित कई दूसरी जगहों पर भी छापेमारी की। उन्होंने बताया कि आतंकी फंडिंग मामले में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर सहित 4 राज्यों के 19 जगहों पर छापेमारी की जा रही है। छापेमारी फिलहाल जारी है और कार्यवाही पूरी होने पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।



## झांसी : मुफ्ती के घर एएनआई व एटीएस का छापा, मचा हड़कंप



झांसी। ऑनलाइन दीनी तालीम और विदेशी फंडिंग मामले में कोतवाली थाना क्षेत्र में एनआईए और एटीएस टीम ने गुरुवार तड़के छापेमारी की। छापेमारी की कार्यवाही फिलहाल चल रही है जिसे लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। फिलहाल छापेमारी कर रही टीमों की ओर से मीडिया को कोई जानकारी नहीं दी गई है। छापेमारी स्थल पर स्थानीय पुलिस बल भी मौजूद है। झांसी के शहर कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित गुलाम गौस खां पार्क स्थित मकान में तड़के करीब 4 बजे एनआईए और एटीएस टीम ने छापेमारी कार्यवाही की। यह कार्यवाही अभी भी जारी है। सूत्रों का कहना है यहां रहने वाले मुफ्ती खालिद दीनी तालीम की ऑनलाइन कक्षाएं लेते हैं। अभी टीम जांच पड़ताल कर रही है। छापेमारी को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। इसमें विदेशी फंडिंग की बातें भी शामिल हैं।

## एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने की पद छोड़ने की घोषणा, ट्रम्प ने कहा- अमेरिका के लिए ये अच्छा दिन

**वॉशिंगटन।** एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा है कि वे बाइडन का कार्यकाल खत्म होने के बाद जनवरी में अपना पद छोड़ देंगे। क्रिस्टोफर रे की यह घोषणा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उस घोषणा के एक सप्ताह के बाद आया है, जिसमें ट्रम्प ने काश पटेल को एफबीआई का नया निदेशक बनाने का एलान किया था। बुधवार को एफबीआई मुख्यालय में आयोजित बैठक में क्रिस्टोफर ने पद छोड़ने की घोषणा करते हुए कहा कि 'पद छोड़ने का निर्णय उनके लिए आसान नहीं था। मुझे इस जगह से प्यार है और मुझे अपने काम से भी प्यार है लेकिन मेरा फोकस हमेशा इस बात पर रहा है कि एफबीआई के लिए क्या सही है।

# 43 बच्चों में बांटा 2 लीटर दूध, प्रधानाध्यापिका निलंबित

एजेंसी

**मीरजापुर।** जमालपुर ब्लॉक के हिनौता कंपोजिट विद्यालय में मध्याह्न भोजन की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। चार दिसंबर को 43 बच्चों में सिर्फ 2 लीटर दूध बांटने का मामला न केवल ग्रामीणों की शिकायत में उजागर हुआ, बल्कि इसका वीडियो भी वायरल हो गया। ग्रामीणों की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी ने जांच कराई, जिसमें लापरवाही की पुष्टि हुई। इस रिपोर्ट के आधार पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अनिल कुमार वर्मा ने विद्यालय की प्रधानाध्यापिका

### जांच रिपोर्ट ने खोली पोल



सरिता देवी को निलंबित कर दिया है। बीएसए ने कहा कि मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता को लेकर बार-बार आ रही शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। बच्चों को मिलने वाले पोषण में लापरवाही किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# राजस्थानः दौसा में 57 घंटे बोरवेल में फंसे पांच वर्षीय आर्यन की मौत

एजेंसी

**दौसा।** दौसा जिले के कालीखाड़ गांव में बोरवेल में गिरे पांच वर्षीय आर्यन की मौत हो गई। बुधवार रात करीब 11:45 बजे रेस्क्यू टीम ने 57 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बोरवेल से बाहर निकाला। बेहोशी की हालत में निकाले गए आर्यन को एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से लैस एम्बुलेंस में दौसा जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आर्यन को बचाने के लिए प्रशासन और एनडीआरएफ की टीमों ने कई प्रयास किए। शुरूआती दो दिन में छह देसी तकनीकें विफल रहीं।



इसके बाद बुधवार सुबह से पाइलिंग मशीन की मदद से समानांतर गड्ढा खोदा गया लेकिन मशीन खराब हो गई, जिससे ऑपरेशन में देरी हुई। रेस्क्यू टीम ने रॉड, रस्सी, अम्ब्रेला और रिंग उपकरण का उपयोग करके आर्यन को बाहर निकाला। हालांकि, प्रशासन बच्चे तक खाना और पानी पहुंचाने में नाकाम रहा।

आर्यन की मां गुड्डी देवी ने प्रशासन पर लापरवाही के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन समय रहते बच्चे तक मदद पहुंचाने में विफल रहा। ग्रामीणों ने खुले बोरवेल की समस्या पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को टाला जा सके। उल्लेखनीय है कि सोमवार दोपहर तीन बजे आर्यन घर से 100 फीट दूर खुले बोरवेल में गिर गया था। वह मां के साथ खेल रहा था लेकिन अचानक बोरवेल में जा गिरा। परिवार का कहना है कि बोरवेल तीन साल पहले खुदवाया गया था लेकिन मोटर फंसने के कारण इसे बंद नहीं किया गया। दौसा जिला अस्पताल के डॉक्टर दीपक शर्मा के अनुसार, अस्पताल पहुंचने पर आर्यन की ईसीजी और अन्य जांच की गईं लेकिन उसकी सांसें पहले ही थम चुकी थीं। डॉक्टरों ने रात करीब 12 बजे उसे मृत घोषित कर दिया।

# ग्लोबल मार्केट से पॉजिटिव संकेत एशियाई बाजार में भी तेजी का रुखं

एजेंसी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से आज पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज गिरावट के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान लगातार खरीदारी होती रही। एशियाई बाजारों में भी आज तेजी का रुख बना हुआ है।

टेक शेयरों में आई तेजी के कारण अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान उत्साह का माहौल रहा। इस तेजी की वजह से नैस्डेक पहली बार 20 हजार अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। ये सूचकांक 345.52 अंक यानी 1.76 प्रतिशत उछल कर 20,032.76 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ 6,084.19 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के



कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 124.74 अंक यानी 0.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ 44,022.82 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.26 प्रतिशत उछल कर 8,301.62 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 7,423.40 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.34 प्रतिशत की तेजी के साथ 20,399.16 अंक के स्तर पर बंद हुआ। एशियाई बाजार में आज आमतौर पर तेजी का रुख है। एशिया के 9 बाजारों में से 7 के सूचकांक बढ़त के साथ हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 2 सूचकांक गिरावट के साथ लाल निशान में बने हुए हैं। गिफ्ट निफ्टी 0.04 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,724.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.50 प्रतिशत टूट कर 7,427.29 अंक के स्तर तक गिर गया है। दूसरी ओर, स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.31 प्रतिशत की मजबूती के साथ 3,804.69 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह कोस्पी इंडेक्स 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 2,453.52 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। हैंग सेंग इंडेक्स ने आज बड़ी छलांग लगाई है। फिलहाल ये सूचकांक 270.17 अंक यानी 1.34 प्रतिशत उछल कर 20,425.22 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह निक्केई इंडेक्स 516.25 अंक यानी 1.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 39,888.48 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। इसके अलावा ताइवान वेटेड इंडेक्स 237.63 अंक यानी 1.04 प्रतिशत की मजबूती के साथ 23,141.26 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.38 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1,448.53 अंक के स्तर पर और शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.64 प्रतिशत उछल कर 3,454.52 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

## मणिपुर में तीन प्रीपाक (प्रो) कैडर गिरफ्तार, हथियार और विस्फोटक बरामद

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर पुलिस और असम राइफल्स द्वारा चलाए गए संयुक्त अभियान के तहत पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक प्रीपाक-प्रो के तीन कैडरों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान नम्ब्रम इंद्रजीत सिंह (22), राजकुमार मोहन सना (21) और वारेपम अल्बर्ट मीतेई उर्फ थोई (21) के रूप में की गई है। उन्हें थौबल जिले के थौबल अथोकपाम से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार कैडर जबरन वसूली की गतिविधियों और अवैध रूप से हथियार रखने में शामिल थे। गिरफ्तारी के दौरान, सुरक्षा बलों ने संदिग्धों से एक एचई (उच्च विस्फोटक) हैंड ग्रेनेड, प्रीपाक-प्रो से जुड़े पांच मांग पत्र, सक्रिय सिम कार्ड वाले तीन मोबाइल फोन तथा एक एक होंडा मोटरसाइकिल बरामद किया। गिरफ्तारी के बाद, सुरक्षा बलों ने मणिपुर के पहाड़ी और घाटी जिलों में संवेदनशील क्षेत्रों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। चंदेल जिले के सारंग तंपक और ह्रिन्खू के बीच एक अभियान में



कई हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए। जिनमें, एक के-47 राइफल, एक एके-47 मैगजीन, एक 9 मिमी पिस्तौल मैगजीन, तीन स्थानीय रूप से निर्मित मोर्टार (पोम्पी), स्थानीय मोर्टार के दो जीवित बम तथा एक सिंगल बैरल बंदूक शामिल हैं। वहीं चुराचंदपुर जिले के तीसिंग क्षेत्र में चलाए गए एक अन्य अभियान में भारी मात्रा में आग्नेयास्त्र और गोला-बारूद बरामद किए गए। जिसमें एक .303 राइफल, चार 12-बोर सिंगल बैरल बंदूकें, एक 9एमएम पिस्तौल, एक .22 राइफल, एक 12-बोर शॉटगन, 7.62 मिमी गोला-बारूद के ग्यारह राउंड, 9 मिमी गोला-बारूद के पांच राउंड, .22 गोला-बारूद के दो राउंड, 12-बोर गोला-बारूद के छत्तीस राउंड, एक .303 राइफल मैगजीन तथा एक पिस्तौल मैगजीन शामिल हैं। सुरक्षा बलों द्वारा राज्य भर में सघन छापामारी की जा रही है।

# शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव सीमित दायरे में सेंसेक्स और निफ्टी की चाल

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली गिरावट के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार रिकवरी करके हरे निशान में पहुंच गया। हालांकि ये तेजी अधिक देर तक नहीं टिक सकी। पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से बाजार की चाल में कमजोरी आ गई। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.01 प्रतिशत और निफ्टी 0.09 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार



कर रहे थे।

शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से टेक महिंद्रा, विप्रो, टीसीएस, भारती एयरटेल और इन्फोसिस के शेयर 2 प्रतिशत से लेकर 0.77 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर अपोलो हॉस्पिटल, टाइटन कंपनी, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, टाटा मोटर्स और कोल इंडिया के शेयर 1.51 प्रतिशत से लेकर 0.97 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,350 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 916 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,434 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 16 शेयर हरे निशान में और 34 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 49.38 अंक की कमजोरी के साथ 81,476.76 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारी का सपोर्ट मिलने के कारण ये सूचकांक उछल कर 81,680.97 अंक तक पहुंच गया लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बनने की वजह से इसकी चाल में कमजोरी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद-बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 8.39 अंक की कमजोरी के साथ 81,517.75 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 37.35 अंक टूट कर 24,604.45 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 24,675.25 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली शुरू हो जाने की वजह से इस सूचकांक में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 22.65 अंक की गिरावट के साथ 24,619.15 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन बुधवार को सेंसेक्स 16.09 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की सांकेतिक मजबूती के साथ 81,526.14 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी ने 31.75 अंक यानी 0.13 प्रतिशत की तेजी के साथ 24,641.80 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच दरार पैदा करने की कोशिश कर रहे शिक्षा मंत्री : राजभवन

कोलकाता । पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु पर राज्यपाल सीवी आनंद बोस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच जानबूझकर दरार पैदा करने का आरोप लगा है। राजभवन के एक अधिकारी ने गुरुवार को यह दावा किया है। इससे पहले, बसु ने राज्यपाल पर उपकुलपतियों की नियुक्तियों को मनमाने ढंग से मंजूरी देने और राजभवन को ₹डाकघर₹ की तरह इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। राजभवन के एक अधिकारी ने कहा, 'राजभवन का मानना है कि शिक्षा मंत्री मुख्यमंत्री और राज्यपाल के बीच जानबूझकर दरार पैदा कर रहे हैं। उन्हें बोलने दीजिए, हमारी यात्रा जारी रहेगी।'ब्रात्य बसु ने राज्य विधानसभा में भवानीपुर ग्लोबल यूनिवर्सिटी विधेयक 2024 पेश करते हुए राज्यपाल की भूमिका पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश के बावजूद, जिसमें मुख्यमंत्री को खोज समिति द्वारा सुझाई गई सूची से उपकुलपति चुनने का अधिकार दिया गया है, राज्यपाल मनमाने ढंग से नियुक्तियों को मंजूरी दे रहे हैं। बसु ने कहा, 'राज्यपाल अधिकतर नियुक्तियों पर बैठे हुए हैं। मुख्यमंत्री उनके पद का सम्मान करते हुए धैर्य दिखा रही हैं, लेकिन धैर्य की भी एक सीमा होती है। अगर राज्यपाल इस तरह का व्यवहार जारी रखते हैं, तो एक दिन ऐसा आएगा जब इसे सार्वजनिक रूप से चुनौती दी जाएगी।' उन्होंने राज्यपाल पर ₹बचकाना रवैया₹ अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी इस देरी से विश्वविद्यालयों का संचालन प्रभावित हो रहा है। इसी बीच, सोमवार शाम मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल आनंद बोस की राजभवन में 45 मिनट की बैठक हुई। राज्यपाल ने इसे ₹भाई-बहन₹ जैसा रिश्ता बताते हुए कहा, 'पश्चिम बंगाल में राज्यपाल और मुख्यमंत्री के बीच ऐसा ही संबंध है।' शिक्षा मंत्री के आरोपों और राज्यपाल के बयानों के बाद राज्य की राजनीति गरमा गई है। दोनों पक्षों के बीच तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### शिमला में बर्फ पर फिसलने से महिला की गई जान

**शिमला।** घर के आंगन में गिरी बर्फ एक महिला के लिए जानलेवा बन गई। महिला सुबह के वक्त अपने कमरे से बाहर निकलीं। जैसे ही वह आंगन में पहुंची, वहां बर्फ जमी हुई थी, जिससे अचानक उनका पैर फिसल गया और वह खेत में गिर गईं। गिरने के बाद उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद परिजन उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले आए। लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। ये घटना शिमला जिला के चौपाल उपमण्डल के सरैन गांव में पेश आई। मृतक महिला की पहचान बिमला देवी (50) पत्नी श्याम दत्त निवासी सरैन के रूप में हुई है। चौपाल पुलिस द्वारा इस मामले में धारा 194 बीएनएस के तहत कार्रवाई की जा रही है। मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने गुरूवार को कहा कि मृतक महिला के परिजनों ने इस घटना को लेकर किसी भी प्रकार का संदेह नहीं जताया है और प्रथम दृष्टया गिरने की वजह से हादसा हुआ है। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा। बता दें कि तीन दिन पहले चौपाल सहित शिमला के ऊपरी इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई थी। चौपाल में करीब पांच से छह इंच बर्फबारी दर्ज की गई थी।

### राहुल गांधी की हरकतों से जनता तंग आ चुकी है : बृजेश पाठक

**लखनऊ।** राहुल गांधी के हाथरस जाने की योजना पर उत्तर प्रदेश के



उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने उन पर हमला बोला है। बृजेश पाठक ने कहा कि राहुल गांधी को अपनी ऐसी हरकतों से बाज आना चाहिए। बृजेश पाठक ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि राहुल गांधी आप दिगभ्रमित हैं। आपके अंदर निराशा का भाव है। आप फ्रस्ट्रेशन का शिकार हैं। आपको पता ही नहीं है कि हाथरस में सीबीआई जांच कर रही है। न्यायालय में मामला चल रहा है। दूसरी तरफ हम देखते हैं कि कभी आप संभल जाना चाहते हैं तो कभी अलीगढ़ जाना चाहते हैं। पूरी तरह से आप डिरेल हो चुके हैं। आपसे मेरा अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश आज इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले में नंबर एक हो गया है, कानून व्यवस्था में नंबर एक बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहा है। उत्तर प्रदेश के कानून व्यवस्था की चर्चा पूरे राष्ट्र में होती है। आज हम कह सकते हैं कि औद्योगिक क्रांति उत्तर प्रदेश में आ रही है। जबकि आप उत्तर प्रदेश को अराजकता की आग में दंगों की आग में झोंकना चाहते हैं। लोगों को भड़काना चाहते हैं। कृपया आप ऐसा न करें। आपकी ऐसी उलूलजुलूल हरकतों से देश की जनता तंग आ चुकी है।

### रंगिया में सड़क दुर्घटना में व्यवसायी की मौत

**कामरूप (असम)।** कामरूप जिले के रंगिया में डीए मोटर्स के सामने बुधवार की रात हुए भीषण सड़क हादसे में रंगिया तिनाली निवासी प्रमुख व्यापारी चंदन दास की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना सड़क किनारे डिवाइडर से मोटरसाइकिल टकरा जाने के कारण हुई। दुर्घटना तब हुई जब वह मोटरसाइकिल से गुवाहाटी से रंगिया स्थित अपने घर जा रहा था। रंगिया के वार्ड नंबर 6 के निवासी चंदन दास अपनी मौत के समय अपने पीछे पत्नी और बेटे को छोड़ गए हैं। दुर्घटना के तुरंत बाद उन्हें रंगिया के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### 80 हजार के करीब पहुंचा, चांदी की घटी चमक



**नई दिल्ली।** घरेलू सरार्फा बाजार में सोने का भाव 80 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर तक पहुंचता नजर आ रहा है। सोना आज 800 रुपये से लेकर 870 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हुआ है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज 1,000 रुपये प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज की गई है। भाव में तेजी आने के कारण देश के ज्यादातर सरार्फा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये से लेकर 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये से लेकर 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में गिरावट आने के कारण दिल्ली सरार्फा बाजार में इसकी कीमत घट कर 95,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर आ गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 79,520 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 72,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 79,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 73,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी आज भाव में तेजी आने से सोना महंगा हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 79,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सरार्फा बाजारों में 22 कैरेट सोना 72,850 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### श्री सायुज्य क्रिया-योग महोत्सव में बोकारो सहित पूरे झारखंड से भाग लेंगे सैकड़ों साधक

**बोकारो :** परमहंस स्वामी निखिलेश्वरानंद जी महाराज ( डॉ. नारायण दत्त श्रीमाली जी) की दिव्य छत्रछाया में दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्यधाम में अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार (निखिल मंत्र विज्ञान) की ओर से दो-दिवसीय श्री सायुज्य क्रिया योग महोत्सव का आयोजन आगामी 28 और 29 दिसम्बर को होगा। नववर्ष के स्वागत में आयोजित इस शिविर में देश-विदेश से हजारों की संख्या में निखिल शिष्यों विराट समागम होगा। बोकारो, धनबाद, देवघर, रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर सहित पूरे झारखंड से सैकड़ों की संख्या में निखिल शिष्य उक्त शिविर में भाग लेंगे। साधकों को परमपूज्य गुरुदेव श्री नंदकिशोर श्रीमाली जी गुरु दीक्षा के साथ-साथ श्री सायुज्य क्रियायोग की विशेष शक्तिपात दीक्षा प्रदान करेंगे।

सिद्धाश्रम साधक परिवार, बोकारो के अध्यक्ष पी एन पांडेय एवं महासचिव विजय कुमार झा ने संयुक्त रूप से इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में झारखंड से अधिकाधिक साधकों की भागीदारी को लेकर सभी जिलों में निखिल मंत्र विज्ञान के कार्यकताओं की बैठकें हो रही हैं और इसके लिए प्रचार-प्रसार किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली के पीतमपुरा स्थित आरोग्यधाम में 28-29 दिसम्बर, 2024 को निखिल मंत्र विज्ञान एवं सिद्धाश्रम साधक परिवार के तत्वावधान में नववर्ष का उक्त विशेष उत्सव शिष्यों को नवीन प्रेरणा, नवीन चेतना और नवीन ऊर्जा प्रदान करने के लिए सम्पन्न किया जाता है। उक्त महोत्सव के माध्यम से पूज्य गुरुदेव अपने शिष्यों में आध्यात्मिक चेतना का संचार करेंगे, जो वर्तमान समय में हर मानव के लिए आवश्यक है। निखिल मंत्र विज्ञान के संयोजक डॉ. राम चैतन्य शास्त्री एवं मनोज भारद्वाज ने भी नववर्ष 2025 के आगमन से पूर्व आरोग्यधाम की पुण्य धरा पर आयोजित इस महोत्सव को सफल बनाने का आह्वान सनातन धर्मियों व साधकों से किया है।

### गरीबों के बीच कंबल वितरण से सर्दी राहत अभियान की शुरूआत



**बेड़ो :** मंगलवार को टीएसएफ इंडिया फाउंडेशन और एउएन आईटी सर्विसेज द्वारा बेड़ो प्रखंड के पुरियो, केशा, और भंडरा पंचायत में सर्दी से बचाव के लिए राहत कार्य अभियान की शुरूआत की गई। इस अवसर पर जरूरतमंद और असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान टीएसएफ इंडिया फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए सतीश उरांव ने कहा कि यह पहल पंचायत स्तर पर संचालित की जा रही है। उन्होंने फाउंडेशन के निदेशक वसीम रिजवी और प्रेजिडेंट रजनी सिंह को इस अभियान के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के संचालन में फाउंडेशन के कार्यकताओं का विशेष योगदान रहा। इनमें सतीश उरांव, ममता कुमारी, सुनीता लकड़ा, सीमा कुमारी, गीता कुमारी, सरिता कुमारी, सुनीता देवी, और सरोज महली का नाम प्रमुख रहा। यह अभियान गरीबों को ठंड से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने फाउंडेशन की इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताया। कार्यक्रम के अंत में फाउंडेशन की ओर से पंचायत स्तर पर इस अभियान को निरंतर जारी रखने का आश्वासन दिया गया।

### केंदु पत्ती सलाहकार समिति की आयोजित बैठक संपन्न

**दुमका :** संथाल परगना प्रमंडल के प्रमण्डलीय आयुक्त लालचंद डाडेल की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त कार्यालय में वर्ष 2025 मौसम हेतु केन्दू पत्ती का संग्रहण दर निर्धारण हेतु केन्दु पत्ती सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में

वर्ष-2024 मौसम के लिए संथाल परगना प्रमण्डल क्षेत्र हेतु गत बैठक में केन्दू पत्ती के संग्रहण दर निर्धारण हेतु राज्य सरकार को दिये गये परामर्श के बिन्दु पर विस्तार से चर्चा की गयी गयी। गत वर्ष राज्य सरकार द्वारा केन्दु पत्ती संग्रहण दर रैयती एवं वन भूमि से 1750/-रू0 प्रतिमानक बोरा स्वीकृत किया गया था। बैठक में उपस्थित सदस्य फ्राँसिस हाँसदा द्वारा संथाल परगना से मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए गत वर्ष निर्धारित दर से बढ़ाकर 2,000/-रू0 निर्धारित करने का प्रस्ताव दिया गया। वर्त्तमान में महँगाई दर में हुई वृद्धि एवं जनवरी, 2025 में सम्भावित वृद्धि को आधार मानते हुए श्रमिकों के हित में 10 प्रतिशत वृद्धि करने पर सहमति बनी और सर्वसम्मति से 1925 / रू०प्रति मानक बोरा दर निर्धारण हेतु प्रस्ताव पारित किया गया।

बैठक में आयुक्त, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका लालचन्द डाडेल के अलावे क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, दुमका (विशेष आमंत्रि सदस्य), महाप्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना अंचल-देवघर (संयोजक-सह-सचिव), अमित कुमार, आयुक्त के सचिव, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका, प्रमण्डलीय प्रबंधक, लघु वन पदार्थ परियोजना प्रमण्डल, गिरीडीह, केन्दु पत्ती व्यापारी के प्रतिनिधि- लक्ष्मण प्रसाद भगत, बीड़ी निमार्ता के प्रतिनिधि- राम बाबू त्रिपाठी, केन्दु पत्ती उगाने वाले अनुसूचित जन जाति के प्रतिनिधि- अनिल हाँसदा एवं फ्राँसिस हाँसदा, केन्दू पत्ती उगाने वाले अनुसूचित जाति के प्रतिनिधि- शंकर रविदास, केन्दू पत्ती उगाने वाले पिछड़े वर्ग के प्रतिनिधि- प्रदीप कुमार दत्ता, केन्दू पत्ती उगाने वाले सामान्य जाति के प्रतिनिधि- अनिरूद्ध प्रसाद साह एवं गैर-सरकारी संगठन के प्रतिनिधि- समीर कुमार रक्षित तथा सौरभ कुमार तिवारी आदि उपस्थित थे।

### युवा लायंस फोर्स ने निकाला आभार यात्रा

**बोकारो :** युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष सह युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष देव शर्मा द्वारा अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर निकला गया आभार यात्रा , यह यात्रा तलगड़िया मोड से शुरू होकर जामगोडिया, बाधाडिह, बोदरो, पारटांड, मुधुनिया, मालखुटा, कारीटांड, बांशा , बांधडीह, उसरडीह होते हुए बिजुलिया मोड स्थित विनोद बिहारी महतो चौक पर विनोद बाबू के प्रतिमा पर मालार्पण कर समाप्त किया गया , बिजुलिया मोड़ में सभा को संबोधित करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि युवा लायंस फोर्स द्वारा चुनाव के समय जनसंपर्क के दौरान हमने लोगों से वादा किया था कि अगर झारखंड में गठबंधन की सरकार बनेगी तो हम फिर इसी तरह आभार यात्रा निकालकर आपके समस्याओं को सुनकर समाधान कराने का काम करेंगे , श्री शर्मा ने कहा कि यात्रा के दौरान सभी गांवों में विभिन्न समस्याएं आईं जो मुख्य रूप से तालगढ़िया रोड को फोर लेन बनाना तथा रोडवासियों को धूल की समस्या से निदान हेतु रोड किनारे सुबह - शाम पानी का छिड़काव , लाइट की व्यवस्था , पर्वतपुर कोल ब्लॉक को जल्द से जल्द चालू कराना, जाम की समस्या को लेकर नो एंट्री लागू कराना , देव शर्मा ने सभी समस्याओं को सुनकर जल्द ही बोकारो उपायुक्त को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम का ज्ञापन सौंपकर सभी समस्याओं का निदान कराने का आश्वासन दिया , मौके पर युवा लायंस फोर्स के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विस्थापित क्षेत्र की 19 गांवों की समस्या को लेकर ग्रामीण विकास मंत्री से मिली बोकारो विधायक

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो :** बोकारो विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित विधायक श्वेता सिंह ने बोकारो के उत्तरी विस्थापितों क्षेत्रों में निवास करने वाली जनता की समस्याओं को लेकर विस्थापितों के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ रांची स्थित मंत्रालय में झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह से मिलकर सर्व प्रथम बोकारो विधानसभा की जनता की तरफ से मंत्री बनने पर शुभकामना प्रेषित किया। इस अवसर पर श्वेता सिंह ने मंत्री को अवगत करवाया कि विगत 75 वर्षों से अधिक समय बीत जाने के बाद भी बोकारो के विस्थापितों की समस्या जस की तस है। ज्ञात हो कि बीएसएल प्लांट के निर्माण के बाद उत्तरी विस्थापित क्षेत्र के 19 गांवों को न तो पंचायत में शामिल किया गया और न ही किसी अन्य व्यवस्था में,जिसके कारण इन गांवों में रहने वाले गरीब आदिवासियों और अन्य जातियों को सरकार के किसी भी योजना का लाभ नहीं मिल सका.जिसके कारण ये लोग सभी सुविधाओं से वंचित हो गये.हालांकि यहां रहने वाली एक लाख की आबादी विधायक और सांसद चुनती है



लेकिन ये लोग गांव की सरकार नहीं चुन पाते हैं. नियोजन ,विद्युत, सड़क, पेयजल, शिक्षा व्यवस्था की स्थिति भी इन क्षेत्रों में जर्जर है.शहर से समीप होने के बावजूद भी यह क्षेत्र सभी मूल भूत सुविधाओं से काफी पिछड़ा हुआ है। अतःआग्रह करती हूं कि सभी मामले को बिंदुवार तरीके से व्यक्तिगत रूप से संज्ञान में लेते हुए मामले का निष्पादन करें।इस अवसर पर राज कुमार सिंह,प्रदीप मंडल, मिथुन मंडल,महेश मंडल, जन्मजय महतो,अमित कुमार, गफ्फार अंसारी, राजन सिंह, अजीत कुमार,संतोष मुर्मू,सरोज कुमार, विनोद राय,कलाम अंसारी उपस्थित रहे।

## कोल्हान आयुक्त हरि कुमार केशरी ने कुलपति के प्रभार में रहते हुए शिक्षा को भी काफी बेहतर बनाया

बिनय मिश्रा

भारतीय प्रशासनिक सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ एवं अपने दायित्वों को भली भांति निर्वहन करने वाले आईएएस अधिकारी की बात चलने पर हरि कुमार केसरी का नाम स्वतः जुबां पर चला आता है। इसकी प्रमुख वजह यह है कि श्री केसरी के द्वारा हमेशा विकास कार्यों को बेहतर और सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ प्रमण्डल के तीनों जिला में निरंतर परिभ्रमण और जानकारी लेकर कार्यों को भरपुर गति देने का कार्य जारी है। श्री केसरी आयुक्त के रूप में राज्य के पांचवां प्रमण्डल कोल्हान में 6 मार्च 2024 को पच्चीसवें आयुक्त के रूप में योगदान दिया और योगदान देने के साथ ही इन्होंने पश्चिम सिंहभूम, चाईबासा, सरायकेला-खरसवां तथा पूर्वी सिंहभूम





जमशेदपुर तीनों जिला में विकास कार्यों को निरंतर गति देने के लिए सतत प्रयत्नशील रहें और आज इसी का यह परिणाम है कि राँची, खूँटी एवं सिंहभूम संसदीय क्षेत्र के लोकसभा चुनाव काफी बेहतर एवं शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुआ। मतदाताओं की सहभागिता और भागीदारी काफी सतोषजनक रही। वहीं विधानसभा चुनाव के चैदह विधानसभा क्षेत्र में भी बेहतर ढंग से चुनाव संपन्न हुए। मतदानकर्मी का भीं उत्साह देखते ही बना। इसके अलावे मतदाताओं ने भी गजब का उत्साह दिखाया। इस प्रकार से आयुक्त के साथ-साथ दोहरी प्रभार कुलपति का भी जवाबदेही इन्हें मिला हुआ है जिसके फलस्वरूप कुलपति के रूप में भी इनके द्वारा कोल्हान विश्वविद्यालय में बेहतर शिक्षा व्यवस्था एवं विद्यार्थियों की बेहतर सुविधा भी काफी प्रशंसनीय है। इस प्रकार से कहा जा सकता है कि श्री केसरी आयुक्त एवं कुलपति के रूप में नौ माह में ही बेहतर कार्य संस्कृति का सृजन किया है।

## मुखिया ने सौर चलित डीप बोरिंग व जल मीनार का किया शिलान्यास

मेट्रो रेज संवाददाता

**गोमिया :** गोमिया प्रखण्ड अंतर्गत होसिर पश्चिमी पंचायत के ढेंढे ग्राम में मुखिया पार्वती देवी के प्रयास से ग्रामीणों के बीच पानी की समुचित व्यवस्था की गई है। ओएनजीसी, सीबीएम परिसंपति बोकारो सीएसआर मद से प्रदत स्वयंसेवी संस्था सर्वोदय महिला विकास केंद्र की ओर से सौरचलित डीपबोरिंग व जल मीनार के निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को मुखिया पार्वती देवी ने नारियल फोड़कर किया। मौके पर मुखिया पार्वती देवी ने ओएनजीसी सीबीएम परिसंपति बोकारो के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि यहां के ग्रामिण पेयजल की भीषण समस्या को झेल रहे थे। अब उन्हें इस योजना के निर्माण से सहूलियत होगी। अब सौर चलित डीप बोरिंग



व जल मीनार हो जाने से ग्रामीणों को पेयजल के लिए कही भी जाना नहीं पड़ेगा और न ही कोई परेशानी होगी। कहा कि पंचायत में हर विकास योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। मौके पर सर्वोदय महिला विकास केंद्र परियोजना समन्वयक दिनेश्वर यादव ने कहा की ढेंढे ग्राम के ग्रामीण पेयजल की विकट समस्या से काफी त्रस्त थे। मुखिया पार्वती देवी के द्वारा इस समस्या से अवगत कराने के बाद ग्रामीणों लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है। कहा कि इस जल मीनार की क्षमता 5000 लीटर होगी। इस अवसर पर वार्ड सदस्य बबीता देवी, वार्ड सदस्य राजेश्वर साव, समाजसेवी सह अमीन सुरेश प्रसाद, किशोर प्रजापति, मुकेश कुमार, हेमंत कुमार दास, रंजीत प्रजापति, शम्भू प्रजापति, मणि सिंह, शैलेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### बाइक सवार मां-बेटे पर पलटा कोयला लदा ट्रक, दोनों की मौत

**चान्हो।** चान्हो थाना क्षेत्र के चटवाल मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। बाद में इलाज के दौरान मां ने भी दम तोड़ दिया। यह हादसा तब हुआ जब एक तेज रफ्तार कोयला लदा सोलह चक्का ट्रक अनियंत्रित होकर उनकी बाइक पर पलट गया। घटना का दिल दहला देने वाला दृश्य पास के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया।

मृतक की पहचान 22 वर्षीय सुदामा कुमार गोस्वामी के रूप में हुई है, जो अपनी 50 वर्षीय मां को बाइक पर चान्हो ले जा रहा था। हादसा उस समय हुआ जब उनकी बाइक सड़क किनारे धीमी गति से चल रही थी और ट्रक अनियंत्रित होकर उनके ऊपर पलट गया।

### सर हमें है आप पर गर्व

## कार्मिक डीआईजी विभाग अधीन पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी की लेते हैं सूधि

मेट्रो रेज संवाददाता

भारतीय पुलिस सेवा 2010 बैच के लोकप्रिय, कर्मठ एवं अपने जवाबदेही के लिए सर्वथा विभाग के पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों की तत्काल आर्थिक मदद और राहत पहुंचाने वाले कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम राज्य के उन आईपीएस अधिकारी में शामिल हैं जिन्होंने हमेशा विभाग के लोगों की तत्काल सूधि लेते हुए राहत पहुंचाकर उनकी पीड़ा को कम करने का कार्य किया है। 1 जनवरी 2024 को डीआईजी कार्मिक के रूप में योगदान देने के पश्चात से उन्होंने जिस प्रकार से पुलिस अधिकारी और पुलिस कर्मियों की समुचित ईलाज हेतु तत्काल नगद राशि उपलब्ध कराकर ईलाज को सहज और आसान बनाया। आज कार्मिक डीआईजी नौशाद आलम ने पुलिस अवर निरीक्षक निरंजन कुमार की पत्नी की ईलाज हेतु तत्काल एक लाख नगद राशि उपलब्ध कराकर विभाग अधीन बेहतर और उत्कृष्ठ कार्य के साथ-साथ मानवता और संवेदना का भी अद्भूत परिचय





दिया है। इस अवसर पर झारखण्ड पुलिस एसोसिएशन केन्द्रीय कार्यालय राँची के पदाधिकारी महामंत्री मोहताब आलम, आईटीएस के सचिव श्रीकांत शर्मा एवं मेजर अभिनव कुमार पाठक ने इस उत्कृष्ठ कार्य के लिए कार्मिक डीआईजी को धन्यवाद दिया और कहा कि पुलिस परिवार के प्रति तत्काल डीआईजी नौशाद आलम के द्वारा जिस गंभीरता और तत्परता के साथ पीड़ा और व्यथा तथा समस्या को जानने के पश्चात तत्क्षण कार्यवाही निश्चित तौर पर एक अनुकरणीय और पुनित कार्य है। वहीं डीआईजी श्री आलम ने कहा कि और भी जो मदद की आवश्यकता होगी उसे पूर्ण किया जायेगा। और अवर निरीक्षक की पत्नी यथाशीघ्र स्वास्थ्य लाभ करे यह उनकी ईश्वर से प्रार्थना है। ऐसे डीआईजी से निश्चित तौर पर राज्य, विभाग और पुलिस अधिकारी निश्चित तौर पर प्रेरणास्त्रोत भी हैं।

### पर्यावरण प्रदूषण एक भयावह समस्या है : गोपाल चंद्र

**दुमका :** आधुनिक युग में पर्यावरण प्रदूषण एक भयावह समस्या है. आधुनिक विकास की होड़ में हमने पर्यावरण को जहरीला बना दिया. पानी,मिट्टी, हवा सबको प्रदूषित कर दिया. प्रदूषण बढ़ाते जा रहे हैं एवं पर्यावरण संरक्षण की चर्चा भी कर रहे हैं. पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक जन जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है. उक्त बातें जिले के वरिष्ठ भाजपाई सह समाजसेवी गोपाल चंद्र गण ने एक भेंट में कहीं. उन्होंने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग की समस्या से संपूर्ण विश्व जूझ रहा है. शहर एवं गांव पर्यावरण प्रदूषण की भयंकर समस्या से ग्रस्त है. हमें शुद्ध हवा, पानी, अनाज, सब्जी, फल आदि उपलब्ध नहीं हो रहा है. भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण शिक्षा को बहुत महत्व दिया गया है. वरिष्ठ भाजपाई श्री गण ने कहा कि इस स्थिति से छुटकारा पाने के लिए यह आवश्यक है कि विद्यालयों से विद्यार्थियों को पर्यावरण शिक्षा तथा इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए कार्य करने का संकल्प कराएं।

# सरकार की क्रियान्वित योजनाओं को लाभुकों तक है पहुंचाना : डीसी

मेट्रो रेज संवाददाता

**बोकारो (तेनुघाट) :** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओ को लाभुकों तक पहुंचाने हेतु बेरमो तेनुघाट अनुमंडल कार्यालय स्थित सिंचाई विभाग का गेस्ट हाउस में जनता दरबार का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमाण पत्रों की स्वीकृति, विभिन्न योजनाओं की स्वीकृति सहित परिसंपत्ति का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त गिरिजा शंकर प्रसाद एवं अपर समाहर्ता मुमताज अंसारी द्वारा सभी विभागों के स्टालों का निरीक्षण किया गया। साथ ही कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा विभिन्न लाभुकों को ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने कहा कि सरकार की क्रियान्विति योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाने हेतु इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसी बहुत सी



योजनाएं हैं जो प्रचार प्रसार के अभाव एवं जानकारी के अभाव में आप उक्त योजना से वंचित रह जाते हैं लेकिन राज्य सरकार और जिला प्रशासन का यह कर्तव्य है कि हम उस योजना को आप तक कैसे पहुंचाएं इसीलिए इस तरह का कार्यक्रम आज आयोजित किया गया। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि हम लोग स्टॉल निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों का स्टॉल का निरीक्षण किया जिसमें कम से कम समय में बहुत से लाभुकों को लाभ दिया गया। जनता दरबार के दौरान 556 आवेदन प्राप्त हुए जिस पर लगभग सभी आवेदनो पर त्वरित कार्रवाई करते हुए निष्पादन किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस पेटरवार की ओर से टमाटर एवं बैगन के 200 एवं 100 पौधे का वितरण भी किया गया एवं 154 लोगों को स्वास्थ्य जांच की गई तथा दवाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान साइकिल वितरण के साथ साथ जिला समाज कल्याण के दो लाभुकों को गोद भराई एवं छोटे-छोटे बच्चों को मुंह मुंह झूठी कराई गई।जनता दरबार के दौरान विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया जिसमें जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, आयुष्मान कार्ड, बाल विकास परियोजना, आधार सेंटर, खाद्य सुरक्षा विभाग, जिला भू अर्जन विभाग, सामाजिक सुरक्षा कोषांग, कल्याण विभाग, कृषि विभाग, विद्युत आपूर्ति, मनरेगा, पशुपालन विभाग, आधार पंजीकरण एवं जिला आपूर्ति विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल तेनुघाट का स्टॉल का स्टॉल लगाया था। जनता दरबार के दौरान पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों को ऑन द स्पॉट स्वीकृति पत्र दिया गया जिसके तहत मैया सम्मान योजना के तहत जरीडीह प्रखंड की ओर से मंजू देवी, अनीता देवी, पुष्पा देवी, पूजा कुमारी एवं शोभा कुमारी को लाभ दिया गया।

पेटरवार प्रखंड अंतर्गत अबुआ आवास की स्वीकृति पत्र* हेतु उलगड़ा पंचायत के कैलाश महतो, सूमा देवी, मुखली देवी, लक्ष्मी देवी एवं डुमनी देवी का लाभ दिया गया। इस तरह 15वें वित्त आयोग* के तहत के हरिदास गंझू, रंजीत करमाली अजीत कुमार सोरेन महेश कुमार एवं बुधन भोक्ता को लाभ दिया गया। चंद्रपुरा प्रखंड अंतर्गत मैया सम्मान योजना के तहत सोनी देवी, मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना के तहत

मंजू देवी, मुख्यमंत्री राज्य विधवा सम्मान योजना के तहत गीत देवी एवं सुंदरी देवी, अबुआ आवास योजना के तहत कलावती देवी, गुरु चरण महतो, बिरसा सिंचाई कूप योजना के तहत तूलेश्वर महतो एवं थानु महतो, मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत शूकर शेड योजना के तहत दिलीप कुमार महतो, मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत कुकुट शेड के तहत श्यामलाल महतो एवं बिरसा बागवानी ग्राम योजना अंतर्गत आम बागवानी हेतु अजीत चंद्र महथा एवं दिनेश कुमार महतो को स्वीकृति पत्र दिया गया। इसके अलावे अन्य सभी प्रखंडों के भी लाभुकों को ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट मुकेश मछुआ, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग पीयूष कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता प्रभाष दत्ता, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला समाज समाज कल्याण पदाधिकारी डॉ सुमन गुप्ता, जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी शक्ति कुमार, जिला सहकारिता पदाधिकारी श्वेता गुड़िया, भूमि सुधार उपसमाहर्ता तेनुघाट, सहित बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी, गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी, नावाडीह प्रखंड विकास पदाधिकारी, पेटरवार प्रखंड विकास पदाधिकारी, कसमार प्रखंड विकास पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।